दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

वर्षः 17 | अंक 20 | सीकर, बुधवार 18 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

स्कूल में बरामदे की पट्टी टूटकर लटकी, टल गया बड़ा हादसा

## मरम्मत कार्य समय पर शुरू नहीं होने की लापरवाही आई सामने



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय वार्ड नं. 57 में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय संख्या 35 में मिड डे मील का भोजन पकाने के लिए बनी रसोई और उसका बरामद काफी जर्जर अवस्था में हैं। मंगलवार को बरामदे की एक पट्टी टूटकर हवा में ही लटक गई। संस्था प्रधान कृष्णा गोदारा से जानकारी चाहने पर बताया कि पिछले जुलाई माह में मरम्मतीकरण के लिए करीब 5 लाख का टेंडर हुआ था लेकिन बार-बार निवेदन के बाद भी ठेकेदार फर्म ने मरम्मत का कार्य पूरा नहीं किया। संस्था प्रधान ने बताया कि हाल ही में हम लोगों ने छत की रिपेयर करवाई गई थी। लेकिन रसोई और उसका बरामद काफी जर्जर अवस्था में हैं। जिनको ठीक नहीं किए जाने से आज ये हादसा होते-होते बच गया। क्योंकि जिस पर वक्त भीलवाड़ा पत्थर की पट्टी टूटी उस वक्त सभी बच्चे कक्षाओं में परीक्षा दे रहे थे। संस्था प्रधान ने बताया कि अगर बच्चे इस बरामदे में खेलते होते और पट्टी गिरती तो बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं दस्तावेज खंगालते पर सामने आया कि 18 प्रतिशत बिलो में यह मरम्मतीकरण का टेंडर 7 जनवरी 2026 को हुआ था, जिसे नीलकमल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा 9 मार्च 2026 तक कंपलीट किया जाना था। कुल 4 लाख 1 हजार 187 रू. स्वीकृत हुए थे लेकिन अब तक मरम्मतीकरण का कार्य नहीं किया गया है। दूसरी ओर इस मामले में सम्बंधित फर्म से बात करने पर ठेकेदार बसंत पारीक ने बतया कि पीडबल्यूडी के अधिकारी के साथ जाकर कल ही मौका देखूंगा और काम शुरू किया जायेगा। वहीं पार्षद जाकिर क्याल ने बताया कि प्रशासन अगर समय पर निर्माण कार्य और मरम्मतीकरण का कार्य करवाये, तो बच्चों को परेशान नहीं होना पड़ता। लेकिन इस गंभीर विषय के प्रति न तो शिक्षा विभाग सक्रिय है और न ही ठेकेदार। इसलिए हमारी मांग है कि जल्द से जल्द स्कूल में स्वीकृत पैसों से जो कार्य होना है, वो पूरा किया जावे तथा रसोई और बरामदे का नव निर्माण किया जावे।

## टोडपुरा टोंक छिलरी के प्रथम सरपंच चौधरी नोपाराम मूंड का निधन

1959 में नेहरू की सभा में हुए थे शामिल

निसं



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** उपखंड के एक मात्र पंचायतीराज गठन से पहले के प्रथम सरपंच चौधरी नोपाराम मूंड का निधन हो गया है। उनका मंगलवार को अंतिम संस्कार किया गया जिसमें आसपास के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और श्रद्धांजलि दी गई। चौधरी नोपाराम मुंड 1954 में पहली बार टोडपुरा के प्रथम सरपंच बने थे उस दौर में ऊपर हाथ खड़े करके सरपंच चुने जाते थे। उन्होंने 2 अक्टूबर 1959 को भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की नागौर में सभा में शामिल हुए थे भारत में पहली बार राजस्थान के नागौर में पंचायतराज गठन का नेहरू ने उद्घाटन किया था। चौधरी नोपाराम मूंड आजादी के समय के पहले ग्रेजवेट छात्र थे। उन्होंने रोज पैदल जाकर पोद्दार कालेज में शिक्षा ग्रहण की थी। सरपंच बनने के बाद उनकी कृषि विभाग में सरकारी नौकरी लग गई थी बाद में राजस्थान के कृषि उप निदेशक और फिर निदेशक के पद पर पहुंचे।

# रेल सुविधाओं को लेकर सांसद ओला ने लोकसभा में मजबूती से उठाई मांग

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू से सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने लोकसभा में रेलवे अनुदान मांगों (वित्तीय वर्ष 2026-27) पर हुई चर्चा के दौरान अपने क्षेत्र की रेल सुविधाओं से जुड़े अहम मुद्दों को मजबूती से उठाया। उन्होंने रेल मंत्री के समक्ष शेखावाटी क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांगों को प्राथमिकता से पूरा करने की आवश्यकता बताई। सांसद ओला ने कहा कि मीटर गेज के समय क्षेत्र में कई ट्रेनें संचालित होती थी लेकिन ब्रॉड गेज बनने और कोरोना काल के बाद कई सेवाएं बंद हो गई, जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि झुंझुनू क्षेत्र शिक्षा और सैन्य दृष्टि से महत्वपूर्ण है, जहां रोजाना हजारों लोग जयपुर और अन्य शहरों के बीच यात्रा करते हैं। उन्होंने यात्रियों, विद्यार्थियों, सैनिकों और व्यापारिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। इनमें ट्रेन संख्या 14713/14714 को नियमित रूप से चलाने, लोहारू से पिलानी तक नई रेल लाइन का कार्य शीघ्र शुरू करने और डाबला से खेतड़ी, सिंघाना होते हुए चिड़ावा तक रेल लाइन विस्तार की मांग शामिल रही। इसके अलावा सांसद ने सीकर-झुंझुनूं मार्ग से गुवाहाटी, हरिद्वार और पूर्वोत्तर भारत के लिए विशेष ट्रेन शुरू करने, झुंझुनू-जयपुर-सवाईमाधोपुर के बीच नियमित डेमो/मेमो ट्रेन चलाने तथा झुंझुनू से मंडावा, फतेहपुर और रतनगढ़ तक नई रेल लाइन बिछाने की मांग भी उठाई। सांसद ओला ने झुंझुनू और सीकर में रेलवे वाशिंग पॉइंट और मेंटेनेंस सुविधाएं विकसित करने पर भी जोर दिया ताकि क्षेत्र से अधिक ट्रेनों का संचालन संभव हो सके। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र लंबे समय से बेहतर रेल कनेक्टिविटी की प्रतीक्षा कर रहा है। डाबला से खेतड़ी होते हुए हनुमानगढ़ और गंगानगर तक रेल लाइन को डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जोड़ने का प्रस्ताव क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस परियोजना के लिए रेलवे द्वारा पहले ही भूमि अधिग्रहण किया जा चुका है। सांसद ने विश्वास जताया कि इन मांगों के पूरा होने से क्षेत्र में न केवल यातायात सुविधाएं बेहतर होगी बल्कि व्यापार, उद्योग, पर्यटन और सामरिक दृष्टि से भी शेखावाटी को नई दिशा मिलेगी।



## विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में युवाओं की भूमिका अहम- हमारी सरकार युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध

# युवा मेहनत करें, राज्य सरकार आपके साथ खड़ी है- सीएम



- मुख्यमंत्री ने शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता से जुड़े लगभग 485 करोड़ रुपये से अधिक विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास
- 9 हजार 432 युवाओं को कौशल उन्नयन प्रमाण पत्र तथा 403 स्टार्टअप्स को वायबिलिटी गैप फंड के 1 हजार 145 लाख रुपये के चेक वितरित

जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवा तरुणाई राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होती है। भारत दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी वाले देशों में से एक है। युवाओं की ऊर्जा एवं प्रतिभा का उपयोग कर देश दुनिया में सिरमौर बन सकता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने में युवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है। हमारी सरकार युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शर्मा ने युवाओं से अपील की है कि वे मेहनत करें, सरकार हर कदम पर साथ खड़ी है। श्री शर्मा मंगलवार को मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित 'राजस्थान युवा शक्ति दिवस' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों के कारण ही राजपूताना की रियासतों का एकीकरण संभव हो सका। सरदार पटेल ने 30 मार्च 1949 को भारतीय नववर्ष की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र इन्द्रयोग में वृहद् राजस्थान की स्थापना की थी। इसीलिए हमने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर ही राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया। इसी क्रम में इस वर्ष 19 मार्च को यह दिवस पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

### प्रधानमंत्री किसान, युवा, महिला और मजदूर के उत्थान के लिए संकल्पित

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व बदलाव आए हैं। प्रधानमंत्री देश के किसान, युवा, महिला और मजदूर चारों वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने देश में विकास एवं गरीब कल्याण की योजनाओं से दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाया है। है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में स्टार्टअप का इकोसिस्टम तैयार किया है। स्टार्टअप से युवा प्रतिभाओं को अपनी क्षमताओं को साबित करने के लिए मंच मिला है तथा उन्हें आगे बढ़ने के अनेक अवसर प्राप्त हुए है।

### बजट में युवाओं के सशक्तीकरण के लिए उठाए गए ठोस कदम

श्री शर्मा ने कहा कि बजट 2026-27 में भी युवाओं के सशक्तीकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। जनजाति क्षेत्र के 5 हजार युवाओं को अपना उद्यम स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। साथ ही, जयपुर में अटल बिहारी वाजपेयी ग्लोबल सेंटर फॉर एडवांस्ड स्किलिंग की स्थापना तथा 50 पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में आईसीटी लैब बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि एक जिला-एक उत्पाद योजना के माध्यम से जिले की स्थानीय विशिष्टताओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा किए गए आर्थिक सुधारों और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के प्रयासों को सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे है। राजस्थान की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है और प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय पहली बार 2 लाख रुपये से अधिक हो गई है।

### बिजली-पानी-रोजगार के क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व निर्णय-

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए प्रदेश में योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। हमारी सरकार द्वारा पानी जैसी बुनियादी सुविधा को प्राथमिकता देते हुए रामजल सेतु लिंक परियोजना, देवास परियोजना, यमुना जल समझौता, आईजीएनपी, गंगनहर, माही सहित परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। साथ ही, प्रदेश में बिजली तंत्र को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। राजस्थान में अभी कृषि क्षेत्र में 22 जिलों में दिन में बिजली दी जा रही है, 2027 तक सभी जिलों में दिन में बिजली देने के लिए हम संकल्पित हैं।

गैस कनेक्शन बंद होने की खबरों पर सरकार की सफाई, कहा

## सभी को ई-केवाईसी की जरूरत नहीं; केवल वे लोग कराएं जिनका रिकॉर्ड अधूरा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उन खबरों पर जवाब दिया है जिनमें कहा जा रहा था कि अगर ग्राहकों ने ई-केवाईसी नहीं कराया, तो उनका गैस कनेक्शन काट दिया जाएगा। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि ई-केवाईसी की जरूरत सिर्फ उन्हीं ग्राहकों को है, जिनका वेरिफिकेशन अब तक नहीं हुआ है। सरकार ने कहा कि यह कोई नया नियम नहीं है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जो जानकारी दी है, वह पुराने अभियान का ही हिस्सा है। इसका मकसद सिर्फ इतना है कि ज्यादा से ज्यादा गैस ग्राहक अपना बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन करवा लें, ताकि सिस्टम में फर्जीवाड़ा न हो।

किसे करानी होगी ई-केवाईसी और किसे नहीं?-यदि आप एक सामान्य एलपीजी ग्राहक हैं और आपने पहले अपना ई-केवाईसी करवा लिया है, तो आपको यह प्रक्रिया दोबारा करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह नियम सिर्फ उन लोगों पर लागू होता है जिनका रिकॉर्ड अब तक अपडेट नहीं हुआ है। उज्वला योजना के ग्राहकों के लिए नियम थोड़े अलग है। इन ग्राहकों को हर वित्तीय वर्ष में कम से कम एक बार बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन कराना होता है। यह वेरिफिकेशन भी सिर्फ उन उज्ज्वला ग्राहकों के लिए आवश्यक है जो साल में 7 सिलेंडर लेने के बाद 8वें और 9वें रिफिल पर मिलने वाली टारगेटेड डीबीटी सब्सिडी का लाभ उठाना चाहते हैं।

## सृजन द स्पार्क का ग्लोबल सम्मेलन संपन्न, कला-संगीत की गूंज

# शैलेश लोढ़ा ने किया शुभारंभ, भव्या पंडित ने बांधा समां





निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** संगीत, कला और संस्कृति को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय संस्था सृजन द स्पार्क का ग्लोबल सम्मेलन झीलों की नगरी उदयपुर स्थित लोटस काउंटी रिसोर्ट में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध हास्य कवि एवं तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम शैलेश लोढ़ा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए शैलेश लोढ़ा ने कहा कि सृजन द स्पार्क कला, संस्कृति और संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। संस्था उभरते कलाकारों को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखार रही है, जो सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहचान सृजन करने वालों को मिलती है, आलोचना करने वालों को नहीं।

उन्होंने यह भी कहा कि जीवन में संगीत और कला का विशेष महत्व है, जो मानसिक तनाव को दूर करने में सहायक हैं। संस्था के मुख्य संरक्षक आईपीएस प्रसन्न कुमार खमेसरा ने बताया कि सृजन केवल कला और संगीत तक सीमित नहीं है बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि उदयपुर में निर्माणाधीन विश्वस्तरीय म्यूजिक अकादमी के माध्यम से नई प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराया जाएगा। यहां आधुनिक वाद्य यंत्रों के साथ संगीत की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे देश और विदेश के कलाकार एवं विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। सृजन अपेक्स अध्यक्ष राजेश खमेसरा एवं अब्बास बंदूक वाला ने संयुक्त रूप से बताया कि संस्था की 13 वर्षों की यात्रा में देश-विदेश के विभिन्न चैप्टर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। सम्मेलन में यूएसए, यूके, कनाडा सहित कई स्थानों से आए पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

इनमें शिल्पा भंसाली यूएसए, प्रीथपाल सिंह यूके/कनाडा, राजेश खमेसरा उदयपुर, राजेश नौलखा जयपुर, सुनील तलवार जोधपुर, डॉ विजय सरदाना कोटा, डॉ रामनिवास सोनी झुंझुनू, प्रमोद बापना दिल्ली एनसीआर, बीएम सूद अहमदाबाद, गौतम चोपड़ा चेन्नई, सलमान आबिद हैदराबाद और राजेंद्र गोखरू भीलवाड़ा सहित कई चैप्टर अध्यक्ष उपस्थित रहे। समापन सत्र में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नामित मेड़ता मौजूद रहे। इस दौरान भव्या पंडित ने अपने सुरों से समां बांध दिया और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा संस्था के पदाधिकारियों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम में अपेक्स बॉडी के मानिक नाहर, गोविंद अग्रवाल, राजेंद्र शर्मा, करण अग्रवाल, जीआर लोढ़ा, ओम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सृजन से जुड़े सदस्य एवं कला प्रेमी उपस्थित रहे। सम्मेलन ने कला, संगीत और संस्कृति के प्रति समर्पण को नई ऊर्जा देने का संदेश दिया।

लोकसभा से 8 विपक्षी सांसदों का निलंबन हटा

## स्पीकर बिरला ने सांसदों से कहा- पोस्टर और एआई से बनीं तस्वीरें न दिखाएं



नई दिल्ली।

लोकसभा में मंगलवार को पहले फेज के दौरान निलंबित किए गए 8 सांसदों पर लगा सस्पेंशन हटा दिया गया। इनमें कांग्रेस के 7 और लेफ्ट के एक सांसद हैं। ये आठ सांसद 4 फरवरी को लोकसभा से पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित किए गए थे।

उन पर हंगामा करने के दौरान स्पीकर पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी की कुर्सी की ओर कागज फेंकने का आरोप लगा था। यह हंगामा उस समय हुआ था जब राहुल गांधी सदन में पूर्वी लद्दाख में 2020 के भारत-चीन सीमा तनाव का जिक्र कर रहे थे।

कांग्रेस सांसद के. सुरेश समेत 3 सांसदों ने सस्पेंशन प्रस्ताव रखा। इसके बाद ध्वनि मत से इसे पास कर दिया गया। इससे पहले सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने इसका समर्थन किया। धर्मेंद यादव ने कहा कि सदन की मर्यादा में सत्ता पक्ष को भी मान रखना होगा। उन्होंने कहा कि खासकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे इसका ख्याल रखें। इसके बाद सदन में सत्ता पक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान स्पीकर ओम बिरला ने सदस्यों से कहा,प्लेकार्ट और एआई से बनाई गई तस्वीरें प्रदर्शित न करें।

### रेल मंत्री बोले- रेल हादसों में 90% तक कमी आई

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि अब रेल हादसों की संख्या में करीब 90% तक कमी आई है। सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए प्रयास जारी रहेंगे, ताकि रेलवे सुरक्षा के मामले में भारत विकसित देशों की बराबरी कर सके।

# श्रीमद् भागवत मंगलपाठ पुस्तक का विमोचन



निसं

**चिड़ावा (नवयत्न)।** शहर के कॉलेज रोड पर पोद्दार पार्क स्थित परमहंस पीठ सनातन आश्रम में बावलिया बाबा की प्रतिमा के समक्ष आयोजित समारोह में वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी द्वारा रचित श्रीमद भागवत मंगलपाठ की प्रथम पुस्तक का विमोचन किया गया। समारोह के दौरान मंगल पाठ रचयिता प्रभुशरण तिवाड़ी ने पुस्तक की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह ग्रंथ 136 पृष्ठों में संकलित है तथा इसे सात अध्यायों में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मंगलपाठ में चौपाई, दोहा, सौरठा, छंद, स्तुति एवं गीतों के माध्यम से संपूर्ण श्रीमद्भागवत का सार अत्यंत सरल एवं सुगम शैली में प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि जो श्रद्धालु भागवत सप्ताह का आयोजन करने में सक्षम नहीं हैं, वे इस मंगलपाठ के माध्यम से एक ही दिन में संपूर्ण भागवत का पाठ कर सकेंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होगा। विमोचन समारोह में उपस्थित विद्वानों एवं अतिथियों ने इस कृति को अत्यंत उपयोगी एवं जनहितकारी बताया।

समारोह का वातावरण भक्ति एवं श्रद्धा से ओत-प्रोत रहा। इस मौके पर वैद्य जनार्दन शर्मा, प्रवासी उद्योगपति हुकमीचंद लाम्बीवाला, डॉ एलके शर्मा, शिक्षाविद हीरालाल शर्मा खाजपुर, देवदत्त शर्मा, रामनिवास जांगिड़, अशोक सुरोलिया, पूर्व पार्षद शिवलाल सैनी, कैप्टन शंकरलाल महरानिया, डॉ शंभू पंवार, कांतिप्रसाद हलवाई, कवि नगेंद्र शास्त्री, बालकृष्ण चौरासिया, गिरधर गोपाल महमिया, रजनीकांत मिश्रा, सुरेश शेखावत, तेजप्रकाश सोनी, मनीष शर्मा, महेन्द्र रणवा, मातादीन महर्षि, रतिराम जांगिड़, डॉ अशोक शर्मा अरडावतिया सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

## मिसाल : कड़वासरा ने 6 बीघा भूमि विद्यालय को दी दान



निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जेगणिया बिदावतान को गांव के किसान व गायत्री उपासक रूपाराम कड़वासरा ने 40 लाख की 6 बीघा जमीन खरीद कर विद्यालय को दान की। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व्यास को भामाशाह व ग्रामीण जनों ने राजलदेसर तहसीलदार हरदीप सिंह के सानिध्य में कागजात सौपें गए। इससे पूर्व रूपाराम कड़वासरा ने अपने पिता की स्मृति में एक कमरा बनाकर दिया था। शिक्षा विभाग की ओर से मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व्यास ने माला व दुपट्टा पहनाकर भामाशाह का अभिनंदन व सम्मान किया तथा इनके समस्त परिवार के उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। सभी ग्रामीणों का धन्यवाद ज्ञापित किया। भामाशाह प्रेरक अध्यापक सत्यवीर सिंह यादव थे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राकेश कुमार, वाईस प्रधानाचार्य प्रीतम सिंह, अध्यापक सत्यवीरसिंह यादव, पूर्व सीबीइओ धनाराम प्रजापत, पूर्व प्रधानाचार्य सत्यनारायण पुरोहित, व्याख्याता रिखा राम तालणिया, दौलतराम जाट, भगवानदास स्वामी, भादर भामू, गणेशा राम सीलु, लिखमाराम कड़वासरा, मोहनलाल सीलु, महेश सांखोलिया, पोकरदास स्वामी, रामचंद्र सीलु, हरिचंद कड़वासरा, भजनलाल मीणा, लिखमाराम सीलु सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## नवकार कलश रथ का किया स्वागत



निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** जैन समाज की प्रतिनिधि संस्था जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन द्वारा आगामी 9 अप्रैल को नवकार महामंत्र दिवस 2.0 का आयोजन किया जाएगा। विश्व में शांति, सामंजस्य और सौहार्द की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विश्वभर के 6000 से अधिक स्थानों पर किया जाएगा। इस अवसर पर लाखों श्रद्धालु सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र का जाप करेंगे। इस हेतु जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन द्वारा राजस्थान में नवकार कलश रथ यात्रा निकाली जा रही है। प्रदेशभर में तीन रथों के माध्यम से यह यात्रा लोगों को नवकार महामंत्र के महत्व से जोड़ने का कार्य कर रही है। इस यात्रा को 1 मार्च को जयपुर में आयोजित जीतो टाउन प्रतिनिधि सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा धर्म ध्वजा दिखाकर रवाना किया गया था। मंगलवार प्रातः 11:30 बजे शासन साध्वी मान कुमारी के पावन सान्निध्य में नवकार कलश रथ का तेरापंथ भवन, राजलदेसर में स्वागत किया गया। शासन साध्वी मानकुमारी द्वारा नवकार कलश रथ एवं उपस्थित श्रावक समाज को मंगल पाठ सुनाया, तत्पश्चात नवकार कलश रथ राजलदेसर के मुख्य मार्गों से होते हुए तेरापंथ भवन पहुँचा। इस मौके पर श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभाध्यक्ष राजकुमार बिनायक, उपाध्यक्ष खेमचंद बरड़िया, सहमंत्री पवन बोथरा, कोषाध्यक्ष मनोज घोषल, महिला मंडल अध्यक्षा कुसुम देवी छलानी एवं महिला मंडल सदस्याएं, चुन्नीलाल घोषल, बिमल छलानी, नरेंद्र बैद, संजय बैद, संदीप बैद, अभिनंदन बिनायक, अनिल बैद, गोरखाराम पांडे, मूलचंद सोनी सहित कस्बे के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## स्वयंसेवकों ने निकाली जल संरक्षण रैली



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में संचालित सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन जल महोत्सव के अंतर्गत जल संरक्षण हेतु जन जागरूकता रैली निकाली गई। प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर विद्यालय से रवाना किया। स्वयंसेवकों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर पूरे कस्बे में भ्रमण किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने जल है तो कल है और बूंद-बूंद से घड़ा भरे, पानी की रक्षा सब करें जैसे नारों के माध्यम से आमजन को पानी की बर्बादी रोकने और वर्षा जल संचयन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी कैलाश चंद्र कुमावत, ओम प्रकाश गुर्जर, धन्ना राम जाट, धुडसिंह सामोता, बजरंग सिंह बिजारणियां, सुखराम मांडिया, भूपेन्द्र योगी और समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## मूल्यांकन परीक्षा का सफल आयोजन



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** भारत सरकार द्वारा आयोजित उल्लास नवभारत बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा 2025-26 का लाडनूं ब्लॉक के 110 परीक्षा केन्द्र पर आयोजित किया गया। इस परीक्षा में नव साक्षरों की साक्षरता एंव गणनात्मक क्षमता का आंकलन किया गया। ब्लॉक लाडनूं में कुल लक्ष्य 4700 का दिया गया था जिसमें से महिला 3349 व पुरूष 1180 कुल 4529 ने परीक्षा दी। परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थियो का 96.36 प्रतिशत उपस्थिति रही। परीक्षा के सफल संचालन हेतु बनाये गये कन्ट्रोल रूम में उपस्थित पुनीत बरनेला, रामदेव भाटी का सक्रिय सहयोग रहा। साक्षरता प्रभारी पुष्पा शेखावत ने बताया कि सीबीईओ कार्यालय से कल्याण सिंह एसीबीईओ प्रथम के निर्देशन में सभी परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई जिसके लिए जगदीश प्रसाद घिंटाला ने सभी पीईईओ एवं साक्षरता प्रभारी एवं ब्लॉक की पूरी टीम को धन्यवाद दिया है।

# गर्मी में पीने के पानी के लिए मोहताज नहीं होना पड़ेगा : महेंद्र कुमार



निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर में रतनगढ़ जलदाय विभाग के एक्सईएन महेंद्र काटीवाल ने जहाँ जलापूर्ति कम होती है उन जगहों पर अपनी पूरी टीम के साथ निरीक्षण किया एवं आगामी गर्मी के मौसम में किसी भी उपभोक्ता को पीने के पानी के लिए मोहताज नहीं होना पड़े इसके लिए विभाग ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। जलदाय विभाग के एक्सईएन काटीवाल ने राजलदेसर आपणी योजना में संचालित जलदाय विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के साथ ही उन्होंने खाकी धोरा टंकी का भी निरीक्षण किया वहां पर वॉल्व लीकेज होने की सूचना मिली थी उन्होंने तुरंत अपनी टीम के साथ जाकर निरीक्षण किया एवं दिशा निर्देश दिए साथ ही आगामी गर्मी को देखते हुए जहां-जहां पीने का पानी का संकट होता है वहां पर अभी से कर्मचारियों को अलर्ट रहने की बात कहीं। साथ ही कोई भी समस्या हो तो संबंधित जलदाय विभाग कार्यालय में सूचना करने की अपील की। इसके अलावा काटीवाल ने बताया अमृत योजना के तहत राजलदेसर में पीने के पानी की तीन टंकियों का निर्माण कार्य होना है जिसमें दो टंकी का निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं एक टंकी का कार्य अति शीघ्र ही शुरू हो जाएगा। जुलाई माह के अंदर इन टंकियां के माध्यम से कस्बे में अलग-अलग पाइपलाइन के माध्यम से उपभोक्ताओं के घरों में पानी की सप्लाई सुचारू करवाई जाएगी एवं भविष्य में राजलदेसर में पीने का पानी का संकट नहीं होगा इसके अलावा उन्होंने जलदाय विभाग के बकाया पानी के कनेक्शन का भुगतान को लेकर कहा कि इसके लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है अगर कोई भी उपभोक्ता समय रहते हुए पीने का पानी का बकाया बिल का भुगतान नहीं करेगा उसका जलदाय विभाग द्वारा कनेक्शन काट दिया जाएगा साथ ही कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी साथ ही महेंद्र कुमार ने कहा अगर गर्मी के ऋतु में जहां पर पानी की सप्लाई नहीं पहुंच रही है इसके लिए अगर टैंकर की जरूरत होगी तो टैंकर भी शुरू किए जाएंगे।

उन्होंने निर्माणाधीन टंकियों व पुराने जलदाय विभाग का भी निरीक्षण किया। साथ ही भाटी धोरा पर स्थित बंद पड़ा टुयुबवैल को भी आगामी एक-दो दिनों में चालू करने की बात कही। इस अवसर पर रतनगढ़ जलदाय विभाग के सहायक अभियंता विकास यादव, राजलदेसर कनिष्ठ अभियंता संजय पंवार, राजलदेसर के वरिष्ठ लेखा अधिकारी लालचंद मारू, अशोक कुमार गुर्जर, ठेकेदार गुलाब माली सहित अनेको कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाइक अनियंत्रित होकर फिसली, महिला घायल




निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी थाना क्षेत्र के चिरानी के पास खतरनाक मोड़ में मंगलवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस दौरान हादसे में बाइक सवार एक महिला घायल हो गई, जिसकी हालत गंभीर होने पर उसे झुंझुनू रैफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार खरखड़ा निवासी रामजीलाल अपनी पत्नी भतेरी देवी बाइक पर सवार होकर अपने गांव से डाडा फतेहपुरा के पास बंधा में अपने रिश्तेदारों के मिलने के लिए जा रहे थे। जब वह चिरानी पंहुचे तो खतरनाक मोड़ पर बनाए गए ब्रेकर पर बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से बाइक सड़क पर ही गिर गई। इस दौरान हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा घायल को अस्पताल पहुंचाने के लिए खेतड़ी से एंबुलेंस को बुलाया गया। हादसे की सूचना पर 108 एंबुलेंस के पायलट सुदेश लांबा व ईएमटी सुरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे तथा घायल भतेरी देवी को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में पहुंचाया गया। इस दौरान डॉक्टरों ने घायल भतेरी देवी का प्राथमिक उपचार किया गया, जहां उसके सिर में गंभीर चोट होने पर डॉक्टरो ने उसे झुंझुनू रैफर कर दिया। घायल महिला के पति रामजीलाल ने बताया कि राजोता से हरियाणा सीमा तक सड़क का निर्माण कुछ समय पहले किया गया है। इस दौरान खतरनाक मोड़ पर ब्रेकर तो बना दिया लेकिन उसकी ऊंचाई अधिक होने के कारण दुपहिया वाहन आए दिन हादसे का शिकार हो रहे है। इस दौरान ग्रामीणों ने उचित मापदंड के अनुसार ब्रेकर बनाने की मांग की है।

## मारवाड़ का इतिहास वीरता और आस्था का अटूट संगम : लांबा



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** एनसीसी 3 राज बटालियन सीकर के सीओ कर्नल जगदीप सिंह लांबा के द्वारा मंगलवार को टैगोर स्कूल निंबी जोधा की एनसीसी इकाई का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में पहुंचने पर एनसीसी कैडेट्स के द्वारा उन्हें सलामी देकर एवं संस्था निदेशक गुलाब सिंह शेखावत सहित टैगोर परिवार द्वारा माल्यार्पणए साफा बंधन व प्रतीक चिन्ह भेंट कर लांबा का अभिनंदन किया गया। कर्नल लांबा ने निरीक्षण के दौरान कैडेट के अनुशासन, ग्राउंड परेड, फायरिंग रेंज, कक्षा-कक्ष, कार्यालय एवं एनसीसी ऑबस्टेकल्स का निरीक्षण किया। कर्नल ने एनसीसी कैडेट को संबोधित करते हुए एनसीसी के महत्व, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्र सेवा एवं व्यक्तित्व निर्माण के महत्व को स्पष्ट किया।

टैगोर निदेशक गुलाब सिंह शेखावत, प्रिंसिपल नीतू शर्मा, एनसीसी अधिकारी रविंद्र सिंह जोधा एएनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। निरीक्षण के बाद कर्नल जगदीप सिंह लांबा ने अपने परिवार सहित कोयल गांव के श्री सत्यनारायण भगवान मंदिर में पुजारी कृष्ण दाधीच के सानिध्य में पूजा अर्चना कर यहां आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

## जिला कलेक्टर ने वीडियो संदेश के माध्यम से आमजन से की चूरू महोत्सव में अधिकतम भागीदारी की अपील

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने वीडियो संदेश के माध्यम से आमजन से चूरू महोत्सव-2026 में अधिकतम भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा है कि चूरू की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में चूरू महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। चूरू महोत्सव का उद्देश्य चूरू की संस्कृति, परंपरा और प्रतिभाओं को मंच देना है। उन्होंने युवाओं, कलाकारों, खिलाड़ियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे बढ़-चढ़कर चूरू महोत्सव में भाग लें और इस आयोजन को सफल बनाएं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 से 21 मार्च, 2026 तक चूरू जिला मुख्यालय पर बागला खेल मैदान में चूरू महोत्सव-2026 आयोजित होगा। चूरू महोत्सव-2026 में विभिन्न प्रतियोगिताएं व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 मार्च, 2026 को सवेरे 07:30 बजे गढ़ परिसर से विरासत कार्निवल यात्रा (शोभायात्रा) के साथ चूरू महोत्सव का शुभारंभ होगा। चूरू महोत्सव 02 सत्रों में आयोजित होगा। प्रातः कालीन सत्र में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे मिस/मिस्टर/मिसेज चूरू प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता एकल व समूह, स्पॉट शॉर्ट वीडियो/रील प्रतियोगिता, पारम्परिक परिधान प्रतियोगिता, ऊंट सजावट प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता, लोक गीत प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, साफा बांधना प्रतियोगिता, वादन प्रतियोगिता, स्पॉट पेटिंग प्रतियोगिता, रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, चंग-ढप प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए आमजन जारी लिंक पर विजिट कर अपना पंजीयन कर सकते है। इसी के साथ सायंकालीन सत्र में 19 मार्च को सायं सवा 6 बजे से शमा फोक म्यूजिक बैंड जैसलमेर द्वारा राजस्थान लोक संगीत, विश्व प्रसिद्ध ट्रम्पैट प्लेयर आमिर बिहाणी, क्रेजी हॉपर्स व बॉलीवुड सूफी फ्युजन रॉक बैंड आदि सांसकृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इसी क्रम में 20 मार्च को सायं सवा 6 से चूरू की स्वर कोकिला कोक स्टूडियो फ्रेम भंवरी देवी व डिवाइन लाइव कन्सर्ट की प्रस्तुतियां होगी तथा 21 मार्च, 2026 को सायं सवा 6 बजे से राजस्थानी लोक गायिका मरू कोकिला सीमा मीश्रा द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी जाएगी। इसी क्रम में 23 मार्च, 2026 तक राजसखी मेला एवं ओडीओपी प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जिलेवासियों से राजसखी मेले व ओडीओपी प्रदर्शनी में अधिकाधिक भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा है कि जिला प्रशासन, राजीविका व जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में राजसखी मेला एवं ओडीओपी प्रदर्शनी का आयोजन 17 मार्च से 23 मार्च, 2026 तक जिला मुख्यालय पर चूरू चौपाटी में सुबह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जाएगा। इस मेले में राजस्थान के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी आई हुई महिलाओं द्वारा निर्मित हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट एवं होम डेकोर से जुड़े अनेक आकर्षक उत्पादों एवं फूड कोर्ट लजीज व्यंजनों की 80 से अधिक स्टाल्स की प्रदर्शनी एवं बिक्री लगाई जाएगी।



## स्वयंसेवकों ने किया सफाई अभियान

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** पपुरना की पीएमश्री शहीद भगवान सिंह राउमावि द्वारा केसीसी स्थित सनातन धर्म मंदिर में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन मंगलवार को स्वयं सेवकों ने श्रमदान करते हुए सफाई अभियान चलाया। इस दौरान मंदिर परिसर, गुरुद्वारा परिसर के आसपास तथा सब्जी मंडी क्षेत्र में साफ-सफाई की गई और पौधों में पानी डालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। शिविर प्रभारी अभयसिंह ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सेवा भाव विकसित करना है। इसी क्रम में स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ श्रमदान कर क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया। मंदिर मंत्री विमल शर्मा ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि श्रमदान सबसे बड़ा दान है क्योंकि इसमें व्यक्ति अपने समय, मेहनत और समर्पण से समाज की सेवा करता है। उन्होंने बताया कि इस तरह के अभियान न केवल आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाते हैं बल्कि युवाओं में अनुशासन, सहयोग और सामाजिक चेतना भी विकसित करते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति नियमित रूप से थोड़ा-थोड़ा श्रमदान करे तो समाज में स्वच्छता और सकारात्मक बदलाव आसानी से लाया जा सकता है। इस मौके पर अनुराग शर्मा, सरजीत कुमार, विकास शर्मा, पंडित सुमन तिवाड़ी, विजेश तिवाड़ी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सीएसआर योजना के तहत 30 टेबल-कुर्सियों का वितरण



निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी की राउमावि में मंगलवार को सीएसआर योजना के तहत विद्यार्थियों के लिए 30 टेबल-कुर्सियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएमएस कंपनी के प्रोजेक्ट हेड कम सीनियर जीएम चेतन कुमार जैन थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक महाप्रबंधक मानव संसाधन श्यामलाल चौपड़ा, सुरेंद्र सैनी मौजूद थे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य ब्रह्मानंद दौचानिया ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद अतिथियों ने विद्यार्थियों को टेबल-कुर्सियां वितरित की। मुख्य अतिथि चेतन कुमार जैन ने अपने संबोधन में कहा कि संचेती फाउंडेशन, नागपुर द्वारा संचालित सीएसआर योजना का उद्देश्य केवल संसाधन उपलब्ध कराना ही नहीं बल्कि शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाना और विद्यार्थियों को सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को प्राथमिकता देती है। जैन ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उपलब्ध संसाधनों का सदुपयोग कर वे अपने भविष्य को संवार सकते हैं। प्रधानाचार्य ब्रह्मानंद दौचानिया ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टेबल-कुर्सियों के मिलने से विद्यार्थियों को अध्ययन में सुविधा मिलेगी और विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण भी बेहतर होगा। कार्यक्रम का संचालन नरेश कुमार ने किया। इस मौके पर टीके घोष, कुलदीप मान, राजेंद्र सिंह, लालूप्रसाद छाबड़ी, कृष्ण कुमार, गजेंद्र सिंह, शैलेन्द्र कुमार, किरण, शशिकला, रीना वर्मा, पूनम, टीना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का होली स्नेह मिलन आज

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के पावन अवसर पर श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण विकास समिति द्वारा भव्य होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन बुधवार, 18 मार्च को महर्षि गौतम भवन में रोड़ा रोड़ में किया जाएगा। इस बार का आयोजन विशेष रूप से गौतम जयंती की पूर्व संध्या के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है, जिससे कार्यक्रम का महत्व और भी बढ़ गया है। समिति अध्यक्ष मोहनलाल पंचारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4 बजे सुंदरकांड पाठ से होगी इसके पश्चात स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत शाम 7:30 बजे प्रसादी भोजन का आयोजन भी रखा गया है, जिसमें उपस्थित सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान गौतम भवन का वर्ष 2025-26 का आय-व्यय लेखा-जोखा भी समाज के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

# गणगौर पर घुलने लगी घेवरों की मिठास

## घर-घर युवतियां निकाल रही बन्दौरा



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** कस्बे सहित आस पास के इलाको में गणगौर पर्व की धूम मची है। युवतिया व नवविवाहिता, सुबह शाम गणगौर की पूजा अर्चना करती नजर आ रही है। यही मिष्ठान भण्डारो पर गणगौर के स्पेशल घेवर व फिणी नजर आने लगी है। घेवर व फिणी की मिठास लोगो को बरबस अपनी और आकर्षित करती भी नजर आ रही है। राजस्थान में गणगौर पर्व पर घेवर व फिणी का विशेष महत्व है। ऐसे में मिठाई व रेस्टोरेंटों पर घेवरों को इस बार अनेक प्रकार के फलेवरों में तैयार किया गया है। हालाकि कॉमर्सिल गैस की आपूर्ति ठप्प होने की वजह से इस बार घेवरों के लिए परेशानी का सौदा भी हो सकती है। मिठाई व्यापारी लकडी कोयले पर घेवरी को तैयार कर रहे है। इससे घेवरों को बनने में समय लग रहा है। इससे व्यापारियों को तो नुकसान हो रहा है साथ ही कारिगरो के चेहरे पर परेशानी साफ नजर आ रही है। इसका कारण यह है कि कम घेवर बनने पर कारिगरी को कम मेहनताना मिल सकेगा। यही अब लकडी व कोयले पर काम करने में कारिगरों की रूची नहीं है। नरेन्द्र कुमार कचौरी वाले ने बताया की इस बार अनेक फलेवरों में ग्राहकों की पसन्द के अनुसार घेवरों को तैयार किया गया है। इनमें टिनी मिनी घेवर देशी घी के रबडी घेवर, बैकलेट घेवरए माया घेवर दुध घेवर स्ट्रोबरी घेवर सहित अनेक प्रकार के घेवर बनाये गये है। इसके अलावा फिणीयों में भी अनेक प्रकार की फिणिया है जिसमे सांभर फ्णीए शेखावाटी किणी रींगस फिणी प्रमुख है। युवतिया निकाल रही है रात का बन्दौरा, जमकर कर रही नृत्य गणगौर पर्व पर गणगौर पूजने वाली युवतियों व नव विवाहितो के गीतों ने माहोल को ही बदल कर रख दिया है। रात होते ही घर घर गणगौर के मधूर गीत सुनाई दे रहे है। वही लोगों में अपने अपने घरों में बन्दौरा निकालने की होड़ लगी है। रात को घरों में घडल्यो तो घूमे लो जी घूमे लो सहित अनेक पारम्परिक व लोकगीत प्रचलीतु है। यही युवतिया नये नये राजस्थानी व हिन्दी गीतों पर भी जमकर झूम रही है। गणगौर का बन्दौरा निकालने वाली युवतियों की भी खूब सेवा अर्चना की जा रही है। लोग आईसक्रिम चौकलेट ज्यूस तथा उनकी मन पसन्द की वस्तुए खिला रहे है।

# जलसे में फिजूल खर्ची से बचने की शिक्षा दी



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** दारूल उलूम सैयदुल कोनैन जन्नत कालोनी, रेलवे ओवरब्रिज के पास फैजान गौसो ख्वाजा रजा कमेटी के तत्त्वावधान तीसरी शब-ए-कद्र चीफ काजी सैयद मदनी अशरफी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अशरफी ने अपने संबोधन में नौजवानों को तालीम की तरफ तव्वजो दिलाते हुए ईद के मौके पर अपने माल में से सदका ए फितर अदा करके गरीबों की मदद करने और ईद की खुशी में जरूरतमंदों को शामिल करने का आह्वान किया। मदनी ने बताया कि बड़ी ईदगाह सुनारी रोड पर ईदुल फितर की नमाज सुबह 7:45 और शाही ईदगाह बड़ा बास में सुबह 8 बजे ईदुल फितर की नमाज अता की जाएगी। कार्यक्रम में मौलाना गुलाम रब्बानी और मौलाना शाहनवाज हुसैन ने लोगों को अपने माल की फिजुल खर्च पर रोक लगाने की शिक्षा दी। पीर सैयद महमूद जमा कादरी, पीर सैयद हाशमी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

निगरानी सैयद मोहम्मद हाशमी अशरफी एवं संचालन हाफिज मोहम्मद इकबाल अशरफी ने किया।

# नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ व जानकीप्रसाद शर्मा मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्व. इस्माइल छींपा की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र जनाब रफीक कूकड़ा के सौजन्य से मंगलवार को नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। यंग्स क्लब सभागार में आयोजित शिविर के बारे में जानकारी देते हुए क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि नेत्र शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा 178 रोगियों की नि:शुल्क जांच कर मोतियाबिंद के ऑपरेशन लायक 46 रोगियों का चयन किया गया।

चयनित रोगियों के नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा नि:शुल्क किए जाएंगे। जांच किए गए रोगियों को नि:शुल्क दवा दी गई। शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद हाजी शमसुद्दीन स्नेही ने कहा कि .आंख है तो जहान है। क्लब की स्थापना से जुड़े स्नेही ने यंग्स क्लब के सेवा प्रकल्पों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ अपूर्व कोटिया ने काला पानी ग्लूकोमा रोग विषयक जानकारी देकर नेत्र रोगियों को जागरूक किया। इस अवसर पर एडवोकेट पवन दाधीच, भामाशाह रफीक कूकड़ा, फरीदा खातून, भामाशाह कमला सिंघी, विमल पाटनी, सुशीला देवी क्याल, मोहम्मद बिलाल इंयारा वाले, अब्दुल गफ्फार, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद असलम मौलानी, सबदल खान, मोहम्मद हुसैन कूकड़ा, क्लब सचिव महावीर मिरनका, मुन्नालाल प्रजापत, बिमल भूतोडिया, माणक रामपुरिया, गोपाल चोटिया, हाजी मोहम्मद, जन्नत बेगम, योगेंद्र-वीणा भोजक, राजकुमार क्याल भी मौजूद थे। शिविर को सफल बनाने में समाज सेवी मूलचंद तिवाड़ी, रमन प्रजापत, रामचन्द्र टेलर, मालचंद प्रजापत का सहयोग रहा।

# विराट सिंधु मेले में उमड़ा जनसैलाब



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पूज्य सिंधी पंचायत सेक्टर-12 मानसरोवर एवं श्री झूलेलाल फाउंडेशन राजस्थान के तत्वावधान में 9वें विराट सिंधु मेले का आयोजन एसएफएस सामुदायिक केंद्र मानसरोवर में धूमधाम से किया गया। मेला प्रमुख एवं समिति के अध्यक्ष मुकेश लख्याणी ने बताया कि मानसरोवर की पूज्य सिंधी पंचायत एवं श्री झूलेलाल फाउंडेशन पिछले 9 वर्षों से समाज को संगठित करने और सिंधियत की परंपरा को बनाए रखने के उद्देश्य से विराट सिंधु मेले का आयोजन करते आ रहे हैं। सिंधियत को सजीव प्रारूप प्रदान करता हुए ये सिंधु मेले की शुरुआत से पूर्व 501 ज्योतों की विशाल ज्योत यात्रा झूलेलाल मंदिर से कार्यक्रम स्थल तक बड़े ही उत्साह और भव्यता के साथ निकाली गई। यह जयपुर की पहली ऐसी भव्य ज्योत यात्रा थी, जिसमें समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मेले की शुरुआत बच्चों की रंग भरो प्रतियोगिता तथा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं से की गई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में कई तरह के व्यंजनों के स्टाल लगाए गए, साथ ही भोजन की व्यवस्था भी की गई। मेले में झांकियों द्वारा सिंध की हिंगलाज माता की गुफा दर्शन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही, साथ ही सिंधी स्कूल व अमरापुर दरबार का झांकी प्रदर्शन भी रहा। इस कार्यक्रम के दौरान मंच पर अमरापुर दरबार के संतों सहित अनेक सिंधी संतजन उपस्थित रहे। साथ ही काले हनुमानजी मंदिर, चांदी की टकसाल से गोपालदास महाराज, खाटूश्याम से मनवेंद्र सिंह, जयपुर के पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, पूर्व डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत, चेयरमेन भारती लखयानी, पार्षद मनोज तेजवानी सहित कई नेताओं की उपस्थिति रही। विराट सिंधु मेला हर वर्ष संस्था द्वारा बड़े ही उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित किया जाता है, जिसमें समाज के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। इस बार के मेले को भव्य एवं आकर्षित बनाने हेतु पंचायत द्वारा विश्व विख्यात गायक मोहित सेवानी को बुलाया गया। मोहित सेवानी ने समाज को सिंध, सिंधी, सिंधियत का मतलब समझाने के उद्देश्य से कार्यक्रम प्रदर्शित किया। लोगों ने बहुत बड़ी संख्या में गायक के गानों पर खूब धमाल किया।

इस कार्यक्रम के अंत में मेला प्रमुख एवं पंचायत अध्यक्ष मुकेश लख्याणी ने पधारे सभी अतिथियों एवं समाज के लोगों का मेले को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# सड़कों की मरम्मत करवाने की मांग



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** कॉमरेड जगदीश नाथ ने जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को एक ज्ञापन सौंपकर वार्ड नं. 5 में दीप बाल मंदिर स्कूल के आस .पास आपणी योजना की पाईप लाईड डालने के लिए तोड़ी गई सड़कों को सही करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सड़कों पर आवागमन करने में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए इन सड़कों को तोड़ने वाले लोगों से वापस पैच वर्क करवाये जाकर जनता को राहत प्रदान की जावे।

# प्रशासन ने आम रास्ते से हटाया अतिक्रमण



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** कुठानिया में में मंगलवार को प्रशासन ने आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है। पिछले ढ़ाई साल से रास्ता बंद होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। तहसीलदार बजरंग जाखड़ ने बताया कि कुठानिया निवासी बनवारीलाल ने एसडीएम बुहाना को आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने के लिए गुहार लगाई थी। जिस पर एसडीएम ने भू-अभिलेख निरीक्षक व हल्का पटवारियों की टीम का गठन कर मौका निरीक्षण रिपोर्ट बनाकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिस पर आम रास्ते में तारबंदी होने से रास्ता बंद कर अतिक्रमण होना पाए गया। इस दौरान तहसीलदार व पुलिस जाब्ता मौके पर पंहुचा तथा प्रशासन व पुलिस ने जेसीबी की मदद से आम रास्ते पर लगाएं गए तारबंदी को हटाकर रास्ते को सुचारू रूप से चालू करवाया गया। इस दौरान प्रशासन को अतिक्रमण करने वालों के हल्के विरोध का सामना करना पड़ा, जिस पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने समझाइश कर रास्ते को सूचना रूप से खुलवाया गया। तहसीलदार ने बताया कि इस दौरान अतिक्रमण करने वालों को दोबारा रास्ता बंद करने पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए है। रास्ते पर अतिक्रमण हटा, जाने व सुचारू रूप से चालू होने पर लोगों को आवागमन में काफी मदद मिलेगी। इस मौके पर तहसीलदार बजरंग जाखड़, भू-अभिलेख निरीक्षक मुरारीलाल, भैसावता पटवारी लोकेश कुमार, मोई सद्दा पटवारी लीलाधर गराटी, पुहानिया पटवारी पंकज कौशिक के अलावा सिंघाना व पचेरीकलां का पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

# गौसेवा कर मनाया वैश्य एकता दिवस



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक स्व. रामदास अग्रवाल की जन्म जयंती के अवसर पर श्री कृष्ण गोपाल गौशाला में गायों को गुड़ और हरा चारा खिलाकर वैश्य एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक अरविंद जालान ने स्वर्गीय रामदास द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में पंकज पोद्दार ने जानकारी दी कि चूरू जिले की अन्य तहसीलों में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिलाध्यक्ष पवन माहेश्वरी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में परमानंद मंगलूनिया, नौरतन भेभराजका, हरि भगवान बेड़िया, हरि प्रसाद मोदी, दिनेश पंसारी, राकेश तोदी, लक्ष्मण कुमार बेड़िया आदि मौजूद रहे।

# रसोई गैस कीमत बढ़ोतरी और गैस किल्लत के विरोध में किया प्रदर्शन




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रसोई गैस कीमत बढ़ोतरी और गैस किल्लत के विरोध में जलदाय विभाग कार्यालय के आगे सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। विधायक नरेंद्र बुडानिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाया व गैस सिलेंडरों को सिर पर उठाकर सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। विधायक बुडानिया ने कहा कि मोदी के राज में देश पहले नोटबंदी के दौरान बैंक के आगे लाइनों में लगा था उसी प्रकार आज फिर देश की जनता रसोई गैस सिलेंडरों के लिए गैस एजेंसियों के आगे तपती धूप में लाइनों में खड़े होने पर मजबूर है।

सरकार न तो रसोई गैस सिलेंडरों की पूर्ति कर पा रही है और न ही रसोई गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोक पा रही है। भाजपा के राज में जनता दु:खी और परेशान है। इस मौके पर संजय कस्वा, हरिसिंह बेनिवाल, उमाशंकर शर्मा, मदन पांडिया, वेदप्रकाश सहारण, मोहरसिँह ज्याणी, विमला कालवा, भागीरथ भामी, दौलत मेघवाल, जुगलाल बरवड़, भंवरू खां, सहदेव भाटी, मोहरसिंह धाणक, कृष्ण सहारण, सुरेन्द्र सहारण, मुंशी खां, कुंदन सैनी, दिनेश खंडेलवाल, योगेश वर्मा, आसिफ चौहान, राकेश शर्मा, राजवीर पूनिया, जयसिंह कुकणा, विकास धेतरवाल, रामनिवास, रामस्वरूप झाझड़िया, पप्पू गोस्वामी, अदरीश सैय्यद, बूंदे खां, हनुमानसिंह, शीशपाल धीनवाल, किस्तूर फौजी, सरीफ लुहार, गोविन्द थालोड़, प्रकाश खैरवा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नवनिर्मित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा आयोजित



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के ढाणी बाढान के नवनिर्मित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सामुहिक रूप से हवन यज्ञ में आहुतियां देकर आमजन के खुशहाली की कामना की गई। गांव में कर्नल नाथू सिंह व हर कंवर चौहान द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति मे नवनिर्मित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण करवाया गया है। इस दौरान पंडित आचार्य निशांत भारद्वाज के सानिध्य में चल रहा छह दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का मंगलवार को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, हवन, महाआरती व प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक कर्नल नाथू सिंह ने बताया कि पुणे के वेदाचार्य पंडित मंदार खालदकर के निर्देशन में पांच पंडितों ने विधिवत महाकाल की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवाई। इस मौके पर पूजन में मुख्य यजमान कर्नल श्याम सिंह शेखावत व शालिनी शेखावत ने पूजा संपन्न करवाई। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पंडित मंदार खालदकर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर मन को शुद्ध करना चाहिए। हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को गौ माता की सेवा करने से पुण्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा सबसे बड़ा धर्म माना गया है। शास्त्रों के अनुसार गाय का दान करना भी मनुष्य जीवन में अति महत्वपूर्ण माना गया है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को जीव जंतुओं की रक्षा के लिए आगे आकर कार्य करने चाहिए। मनुष्य की पवित्र आत्मा एवं धार्मिक अनुष्ठानों से भगवान की दृष्टि को पाया जा सकता है। मनुष्य को अपने जीवन में शुद्ध एवं सहकारी होना चाहिए, ताकि ईश्वर अपनी कृपा अपने भक्तों पर बनाकर रख सकें। हिंदू धर्म में देवी-दवताओं पूजन मात्र से ही दया दृष्टि को हासिल किया जा सकता है। प्रसाद वितरण के दौरान अनेक लोग ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर फूलचंद मांठ, करणी सिंह राठौड़, कर्नल शेर सिंह राठौड़, संपत सिंह इंद्रपुरा, कर्नल शैलेंद्र सिंह, पार्थवी शेखावत, बृजराज सिंह राठौड़, कर्नल राम अवतार सिंह, कुंदन सिंह शेखावत, विनोद सिंह शेखावत, सुरेंद्र सिंह शेखावत, दिनेश सिंह, पूर्व सरपंच नरेंद्र सिंह शेखावत, मदन सिंह शेखावत, रतन सिंह, महावीर सिंह, गोपाल सिंह, कर्नल रामजीलाल, समदर सिंह शेखावत, श्रीराम सिंह, नीरू राठौर, पुष्पा राठौड़, कल्पना, वंदना शेखावत सहित सैकड़ो श्रृद्धालुओं ने भाग लिया।

# गणगौर महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री मेढ़ क्षत्रीय स्वर्णकार महिला मंडल के तत्वाधान में व श्याम सखी मंडल सुजानगढ़ के सौजन्य से सोनी धर्मशाला में राजस्थान का पारंपरिक त्यौहार गणगौर महोत्सव 2026 बड़े धूमधाम से मनाया गया। मंडल अध्यक्षा कांता शर्मा, सुनीता रावतानी, रेखा सोनी, सुशीला ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम शुरुआत की। इस अवसर पर गणगौर सजाओ प्रतियोगिता व गणगौर डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। डांस प्रतियोगिता में 21 व गणगौर सजाओ प्रतियोगिता में 21 प्रतिभागी शामिल हुए। निर्णायक सुनीता रावतानी, रेखा सोनी, सुशीला रहे। महिला मंडल व श्याम सखी मंडल द्वारा निर्णायकों का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। मंच संचालन स्वाति व भारती सोनी ने किया। महिला मंडल व सखी मंडल के सभी सदस्याओं ने व्यवस्थाएं संभाली। कांता शर्मा ने आभार जताया। गणगौर नृत्य में क्रमश: प्रीति शर्मा, स्वाति शर्मा, प्रीति भारतवाल, गणगौर सजाओ प्रतियोगिता में क्रमश: कनिष्का शर्मा, सुनीता टेलर, स्वाति शर्मा विजेता रहे। इसी प्रकार मिस गणगौर में प्रथम पूनम शर्मा को ताज पहना कर स्वागत किया गया।



# फागोत्सव में फूलों और गुलाल से सराबोर हुए श्रद्धालु

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में गोकुल वाटिका में गुरुदेव राधावल्लभ सम्प्रदायाचार्य प्रधान पीठाधीश जै जै सरकार गोस्वामी प्रेम कुमार महाराज, गोस्वामी हितेंद्र कुमार महाराज व गोस्वामी प्रियांश महाराज छोटी सरकार हित धाम वृंदावन के सानिध्य में फागोत्सव का आयोजन किया गया। रसिक वैष्णवों ने उत्सव में पधारकर परम पूज्य महाराज के प्रवचन सुने और फूलों की होली खेली। गोकुल में होली के उपलक्ष्य में फागोत्सव बड़े उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। भजन-कीर्तन के साथ फूलों की होली खेली गई और पूरे परिसर में रंग बिरंगे फूलों से फागोत्सव मनाया गया। आयोजनकर्ता सुरेश टांक, राजेंद्र टांक, विष्णु टांक ने बताया फागोत्सव के दौरान वृंदावन, सांगानेर, एमपी के भजन कलाकारों ने होली के पारंपरिक फाग और भजनों की प्रस्तुतियां दी, जिस पर उपस्थित लोग झूम उठे।

कार्यक्रम में भगवान के दरबार को रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया गया था। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण भी किया गया।

# नेत्रदान करने पर चौरड़िया परिवार का किया सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय तेरापंथ सभा भवन में नेत्रदानी स्वर्गीय भींवराज चोरड़िया की स्मृति सभा में सभी समाज बंधुओं एवं प्रबुद्ध जनों ने चौरड़िया परिवार द्वारा भींवराज चौरड़िया की मृत्यु पश्चात नेत्रदान करने के निर्णय की मुक्तकंठ से प्रशंसा की एवं इसे एक अनुकरणीय कार्य बताया। आचार्य श्री तुलसी के पोते राजेश खटेड, सभा से केसरी चन्द मालू, प्रेम देवी चौरडिया, रौनक खटेड़, सुमन चोरड़िया ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि 2 दिन पहले हुए लायंस क्लब के कार्यक्रम श्रेष्ठा में उमा झवर द्वारा नेत्रदान हेतु प्रेरित करने एवं इसके महत्व को विस्तार पूर्वक समझाया गया, इसी ने हमें नेत्रदान करने का निर्णय लेने में संकोच नहीं हुआ। लायंस क्लब के जोन चेयरपर्सन लॉयन एमजेएफ कमल तापड़िया ने कहा कि जो कॉर्निया दान किया गया, वह दूसरे दिन ही जरूरतमंद व्यक्ति को प्रत्यारोपित कर दिया गया। लायंस क्लब अध्यक्ष प्रशांत पारीक ने चोरड़िया परिवार को सम्मान पत्र देते हुए कहा कि यह नेक कार्य भविष्य में और लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करेगा। परिवार के लोगों ने इस नेक कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए लायंस क्लब, सरदारशहर से आई बैंक की टीम, समाज सेवी श्यामसुंदर स्वर्णकार, नर्सिंग स्टाफ सुभाष चोपड़ा, लायंस क्लब की डायरेक्टर कमला सिंघी को विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया। उमा झंवर का संदेश पढ़ा गया। राजकुमारी भूतोड़िया ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि समाज में इस पहल से अन्य लोगों में भी नेत्रदान करने की भावना प्रबल हुई है।

## सम्पादकीय

# मुश्किल में पड़े ट्रंप



ईरान पर हमले के बाद बाधित समुद्री मार्ग होर्मुज को ऊर्जा आपूर्ति के लिए सुरक्षित बनाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ने मित्र राष्ट्रों समेत अन्य देशों से वहां अपनी नौसेनाएं भेजने का जो आग्रह किया था, उस पर इन देशों की अनिच्छा भरी प्रतिक्रिया यही बताती है कि ट्रंप अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। जहां जापान और आस्ट्रेलिया ने होर्मुज जल मार्ग की सुरक्षा के लिए आगे आने में अनिच्छा प्रकट की, वहीं दक्षिण कोरिया ने कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रस्ताव पर विचार करेगा। जर्मनी ने तो दो टूक कह दिया कि नाटो का इस युद्ध से कोई लेना-देना नहीं। ऐसी प्रतिक्रियाओं से ट्रंप को किस तरह झटका लगा है, इसका प्रमाण यह है कि अब वे नाटो देशों को चेतावनी दे रहे हैं कि इस संगठन का भविष्य खतरे में पड़ सकता है, लेकिन उन्हें यह याद होना चाहिए कि उन्होंने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी देकर इस संगठन के देशों के भरोसे को ठेस ही पहुंचाई थी।

यह पहली बार नहीं, जब ट्रंप किसी मामले में अलग-थलग पड़े हों या फिर उन्हें वांछित समर्थन न मिला हो। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जब गाजा के विकास के लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को किनारे कर बोर्ड आफ पीस का गठन किया था और खुद उसके सर्वेसर्वा बन बैठे थे तो इस बोर्ड में भी नाटो देशों के साथ अन्य कई प्रमुख देश शामिल नहीं हुए थे।

यह अब किसी से छिपा नहीं कि अमेरिका के मित्र देश भी ट्रंप के रवैये से आजिज आ चुके हैं और वे उनकी मनमानी के समक्ष झुकने के लिए तैयार नहीं। इसके लिए ट्रंप अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकते। उन्होंने अपनी टैरिफ नीति से दुनिया को तंग ही किया है। सबसे अधिक तंग तो उन्होंने सहयोगी देशों को किया है। ट्रंप किस तरह मनमानी करते हैं, इसका उदाहरण अमेरिकी सेनाओं की ओर से वेनेजुएला पर हमला करना भी रहा।

वेनेजुएला में अपनी कठपुतली सरकार बनाने के बाद उन्होंने इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। लगता है वे यह भूल गए कि ईरान वेनेजुएला नहीं है। ट्रंप भले ही बार-बार दोहरा रहे हों कि ईरान ने हार मान ली है, लेकिन सच यह है कि वह इजरायल के साथ खाड़ी देशों में उसके ठिकानों को निशाना बनाने में लगा हुआ है। उसकी रणनीति युद्ध को लंबा खींचने के साथ होर्मुज जल मार्ग बाधित कर दुनिया में ऊर्जा संकट बढ़ाने की जान पड़ती है। ट्रंप के पास ईरान की इस रणनीति का कोई जवाब नहीं दिख रहा है। ईरान ने खाड़ी के देशों में नागरिक ठिकानों पर हमले जारी रखकर ट्रंप की समस्या और बढ़ा दी है। उनका संकट केवल यही नहीं कि उन्हें अपेक्षित अंतरराष्ट्रीय समर्थन नहीं मिल रहा है, बल्कि यह भी है कि अमेरिका में भी उनका विरोध बढ़ता जा रहा है।

## विशेष आलेख

# राजनीतिक जंग के आगाज में लोकतांत्रिक मूल्य फिर दांव पर

**" इन चुनावों का महत्व केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य की भी परीक्षा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में लंबे समय से राजनीतिक संघर्ष और टकराव की स्थिति देखने को मिलती रही है। वहां सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है। इस प्रतिस्पर्धा के कारण कई बार चुनावी हिंसा और राजनीतिक तनाव की घटनाएं भी सामने आती रही हैं।**



भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि वे लोकतंत्र की परिपक्वता, जनविश्वास और राजनीतिक संस्कृति की परीक्षा भी होते हैं। जब किसी राज्य या क्षेत्र में चुनाव की घोषणा होती है तो स्वाभाविक रूप से राजनीतिक गतिविधियां तेज हो जाती हैं, आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता है और दल अपने-अपने एजेंडे को लेकर जनता के बीच पहुंचते हैं। किंतु इस पूरी प्रक्रिया के केंद्र में एक संस्था की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है-भारत का चुनाव आयोग। यही संस्था सुनिश्चित करती है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा-मुक्त वातावरण में संपन्न हों। इस बार असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे चार बड़े राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही देश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इन पांचों स्थानों की कुल 824 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है और देश के 17.4 करोड मतदाताओं के मन एवं मानसिकता की जानकारी भी मिलेगी। पिछली बार की तुलना में इस बार मतदान कम चरणों में संपन्न कराया जा रहा है, जो प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण परिवर्तन माना जा सकता है। असम, केरल और पुडुचेरी में जहां 9 अप्रैल को मतदान प्रस्तावित है, वहीं तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं-पहले चरण में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर और दूसरे चरण में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर मतदान होगा। इन चुनावों की ओर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि इनके परिणाम केवल इन राज्यों की राजनीति ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य को भी प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए यह चुनाव केवल सत्ता की लड़ाई नहीं बल्कि यह भी एक कसौटी है कि क्या लोकतांत्रिक प्रक्रिया हिंसा और भय से मुक्त रहकर संपन्न हो सकती है। लोकतंत्र का मूल आधार यह है कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस आदर्श को बनाए रखना आसान नहीं है। चुनाव आयोग के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होती है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। इसके लिए आयोग को सुरक्षा बलों की तैनाती, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की सुरक्षा और मतदाता सूची की शुद्धता जैसे अनेक पहलुओं पर लगातार निगरानी रखनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त राजनीतिक दलों और उनके कार्यकर्ताओं के आचरण पर भी नजर रखना जरूरी होता है ताकि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो। इन चुनावों के संदर्भ में पश्चिम बंगाल विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। लंबे समय से वहां राजनीतिक हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आती रही हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि इस बार वहां सत्ता परिवर्तन की संभावना के कारण राजनीतिक संघर्ष और तीखा हो सकता है। सत्तारूढ़ नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करने वाली ममता बनर्जी की सरकार के सामने सत्ता बनाए रखने की चुनौती है, वहीं विपक्ष अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। इस परिस्थिति में चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाए रखे। दूसरी ओर केरल और तमिलनाडु की राजनीति भी अपने विशिष्ट स्वरूप के कारण चर्चा में रहती है। केरल में आमतौर पर सत्ता दो प्रमुख राजनीतिक मोर्चों के बीच बदलती रही है, जबकि तमिलनाडु की राजनीति क्षेत्रीय दलों के प्रभाव के लिए जानी जाती है। इन राज्यों में चुनावी प्रतिस्पर्धा तीव्र होती है, किंतु अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान की परंपरा भी देखने को मिलती है। असम की स्थिति भी अलग है, जहां पूर्वोत्तर भारत की राजनीति के संदर्भ में चुनाव के परिणाम महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यदि वहां सत्तारूढ़ दल फिर से सत्ता में लौटता है तो यह क्षेत्रीय राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत माना जाएगा।

हालांकि इन सभी चुनावों के संदर्भ में एक प्रश्न लगातार उठता है कि क्या राजनीतिक दल लोकतंत्र की मर्यादाओं का पालन करने के लिए पर्याप्त गंभीर हैं। चुनावी राजनीति में प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु जब यह प्रतिस्पर्धा हिंसा, घृणा और असहिष्णुता में बदल जाती है तो लोकतंत्र की मूल भावना को चोट पहुंचती है। दुर्भाग्य से कई बार राजनीतिक दल चुनाव जीतने की होड़ में लोकतांत्रिक शालीनता को नजरअंदाज कर देते हैं। आरोप-प्रत्यारोप, व्यक्तिगत हमले और हिंसक घटनाएं इस प्रवृत्ति के उदाहरण हैं। इस स्थिति में यह केवल चुनाव आयोग की जिम्मेदारी नहीं रह जाती कि वह चुनाव को निष्पक्ष बनाए। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं की भी उतनी ही जिम्मेदारी है कि वे लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखें। यदि दल स्वयं ही आचार संहिता का सम्मान करें और अपने कार्यकर्ताओं को संयमित आचरण के लिए प्रेरित करें तो चुनावी प्रक्रिया कहीं अधिक स्वस्थ और सकारात्मक बन सकती है। लोकतंत्र की सफलता केवल संस्थाओं पर निर्भर नहीं करती, बल्कि राजनीतिक संस्कृति और सामाजिक चेतना पर भी निर्भर करती है। इसके साथ ही मतदाताओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता के हाथ में होता है। यदि मतदाता जागरूक और सजग हों तो वे ऐसे नेताओं और दलों को प्रोत्साहित करेंगे जो लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हैं। मतदाताओं को यह समझना होगा कि उनका वोट केवल एक राजनीतिक विकल्प नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की दिशा तय करने वाला निर्णय भी है। इन पांच क्षेत्रों में होने वाले चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे यह संदेश देंगे कि भारत का लोकतंत्र किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। यदि ये चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होते हैं तो यह न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी एक सकारात्मक उदाहरण होगा। भारत को अक्सर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में देखा जाता है, इसलिए यहां होने वाली चुनावी प्रक्रिया पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नजर रहती है। निश्चित तसौर पर यह कहा जा सकता है कि चुनाव केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं हैं, बल्कि वे लोकतंत्र के मूल्यों की परीक्षा भी हैं। असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में होने वाले चुनाव इस दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि इन चुनावों में राजनीतिक दल संयम और जिम्मेदारी का परिचय दें, चुनाव आयोग अपनी निष्पक्षता और दृढ़ता बनाए रखे तथा मतदाता जागरूकता के साथ मतदान करें, तो यह लोकतंत्र की शक्ति को और अधिक सुदृढ़ करेगा। प्रश्न यह है कि क्या हम इन चुनावों के माध्यम से एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत कर पाएंगे, जिसमें लोकतंत्र केवल मतपेटियों तक सीमित न रहकर शालीनता, सहिष्णुता और जनविश्वास की भावना को भी मजबूत करे।

## आज का राशिफल

### मेष
रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से बचें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है।

### वृष
व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार ठीक चलेगा। आय होगी। विवेक का प्रयोग करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

### मिथुन
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रशंसा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें।

### कर्क
आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

### सिंह
तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। ध्यान रखें।

### कन्या
वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। व्यापार ठीक चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें।

### तुला
शत्रुओं का पराभव होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें।

### वृश्चिक
संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे।

### धनु
मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

### मकर
लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### कुंभ
मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धनार्जन होगा।

### मीन
पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# कितने प्रकार की होती है स्किन एलर्जी, इसके लक्षण और कारण

स्किन एलर्जी के बारे में हर कोई जानता है। हर किसी न किसी को अपनी जिंदगी में कभी न कभी यह समस्या होती है। लेकिन शायद ही आपने कभी इसके होने की वजह के बारे में जानना चाहा हो। असल में स्किन एलर्जी होने की कई वजहें हो सकती हैं और यह सिर्फ चेहरे पर ही नहीं बल्कि शरीर के अन्य हिस्सों में भी हो सकती है। स्किन एलर्जी होने पर त्वचा पर कई तरह के लाल धब्बे, खुजली, जलन जैसी समस्या भी होती है। कई बार तो इस वजह से त्वचा में सूजन तक आ जाती है। आपको यह भी बताते चलें कि स्किन एलर्जी कई प्रकार के होते हैं और हर तरह के स्किन एलर्जी के अलग-अलग लक्षण और कारण आते हैं।



### एक्जिमा

सबसे आम स्किन एलर्जी में से एक है एक्जिमा। आमतौर पर यह समसमस्या शिशुओं में ज्यादा देखने को मिलती है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वयस्कों को यह स्किन एलर्जी नहीं हो सकती है। त्वचा में सूखापन होने के कारण यह बीमारी होती है। एक्जिमा होने पर आपको कई तरह के लक्षण नजर आ सकते हैं जैसे त्वचा में सूजन होना, त्वचा का लाल पड़ जाना, त्वचा में पपड़ी जम जाना। साथ ही स्किन में खुजली भी होने लगती है। शिशुओं के एक्जिमा चेहरे पर होता है जबकि घुटनों, कोहनी और जोड़ों पर चकत्ते नजर आने लगते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार एक्जिमा अक्सर अस्थमा, एलर्जिक राइनाइटिस और अन्य प्रकार की फूड एलर्जी से संबंधित होती है।

### ग्रैनुलोमा एनुलारे

ग्रैनुलोमा एनुलारे क्रॉनिक स्किन एलर्जी में से एक है। इस एलर्जी के होने पर व्यक्ति की त्वचा के चकत्ते बन जाते हैं, जो कि गोल आकार के होते हैं। यह समस्या बच्चे से लेकर वयस्क किसी को भी हो सकती है। लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार यह एलर्जी महिलाओं को ज्यादा होती है।

ग्रैनुलोमा एनुलारे होने पर मरीज को काफी ज्यादा खुजली होती है। अगर समय रहते व्यक्ति को अपनी समस्या का पता चल जाए, बहुत आसानी से इसका इलाज किया जा सकता है। हालांकि यह समस्या क्यों होती है, इसकी ठीक-ठीक वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है।

### फंगल इंफेक्शन

यह भी एक किस्म की स्किन एलर्जी है। यह फंगस की वजह से होता है, जिसे मायोकोसिस के नाम से भी जाना जाता है। यह समस्या चेहरे, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में भी हो सकती है। फंगल इंफेक्शन होने पर त्वचा खुरदुरी होने लगती है। साथ ही अगर यह एलर्जी किसी के चेहरे पर हो जाए, तो इससे आईब्रो के बाल भी झड़ने लगने सकते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो फंगल इंफेक्शन का इलाज करवाना बहुत ज़रूरी है। अगर किसी मरीज से समय रहते इस बीमारी का इलाज न करवाया, यह समस्या शरीर के ऊतकों, हड्डियों और अन्य अंगों को प्रभावित करने लगती है।

### लिचेन प्लानस

यह भी एक किस्म की स्किन एलर्जी है, जो कि संक्रमण की वजह से हो सकती है। आमतौर पर देखा गया है कि 30 साल की उम्र से अधिक लोगों में यह समस्या नजर आती है। लिचेन प्लानस होने पर त्वचा में चमकीले धब्बे नजर आने गता है। अन्य स्किन एलर्जी की तरह यह भी शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकती है। विशेषकर कलाई, पैर के निचले भाग, पीठ, गर्दन आदि जगहों में यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। यहां यह सवाल उठना लाजिमी है कि इस एलर्जी के होने की वजह क्या है? विशेषज्ञों का कहना है कि यह वंशानुगत कारणों से होती है। परिवार में अगर किसी को लिचने प्लानस रही है, तो संभावित पीढ़ी को भी इसके होने की आशंका बनी रहती है।

### पित्ती

पित्ती एक ऐसी स्किन एलर्जी है, जिसमें त्वचा पर लाल-लाल चकत्ते उभरने लगते हैं। इसके होने का कोई भी कारण हो सकता है जैसे खानपान में गड़बड़ी होने की वजह से यह समस्या हो सकती है, दवा से एलर्जी होने पर यह पित्ती हो सकती है। इसके अलावा बहुत ठंड, गर्मी या धूप के संपर्क में आने से भी यह स्किन एलर्जी हो सकती है। इस स्किन एलर्जी के होने पर व्यक्ति को बहुत ज्यादा खुजली होती है। खुजली इतनी तीव्र होती है कि एक स्थिति के बाद यह असहनीय हो जाती है।

# चेहरे पर चंदन और नारियल तेल लगाने से मिलते हैं कई फायदे

चंदन पाउडर और नारियल तेल का इस्तेमाल करने से चेहरे की कई समस्याओं को इलाज किया जा सकता है। चंदन का उपयोग पूजा पाठ और त्वचा को खूबसूरत बनाने के लिए सालों से किया जा रहा है। चंदन और नारियल के गुणों की वजह से इन दोनों का उपयोग कई ब्यूटी प्रोडक्ट में किया जाता है। चंदन त्वचा को निखारने और कील मुंहासों को दूर करने के लिए किया जाता है। इसके साथ ही चंदन और नारियल में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा को बैक्टीरियल फ्री बनाती है। इसके नियमित इस्तेमाल से चेहरे के ब्लैकहेड्स, झुर्रियां और कालापन भी दूर होता है। इससे त्वचा चमकदार बनती है और रेडनेस कम होती है।

चंदन और नारियल तेल में एंटी माइक्रोबियल गुण होते हैं, जो आपकी त्वचा को बैक्टीरिया और इंफेक्श मुक्त बनाती है। इसके साथ ही चंदन और नारियल तेल से आपकी त्वचा का सूर्य का हानिकारक किरणों से बचाव होता है।



नारियल तेल में मॉइश्चराइजिंग के गुण होते हैं, जिससे ये आपकी त्वचा को मॉइश्चराइज करता है। वहीं चंदन के उपयोग से चेहरे एजिंग के लक्षण दूर होने लगते हैं। चंदन और नारियल तेल के उपयोग से चेहरे का कालापन दूर होता है और दाग-धब्बे भी कम होने लगते हैं।

**चंदन, नारियल तेल और बादम के तेल से बनाएं फेस पैक :** चंदन, नारियल तेल और बादाम के तेल के इस्तेमाल से आप त्वचा को चमकदार और मॉइस्चराइज कर सकते हैं। ये तीनों त्वचा का हाइड्रेट कर, चेहरे की स्किन के टोन में सुधार करते हैं। इसके उपयोग के लिए आप करीब एक चम्मच चंदन का पाउडर लें। इसमें करीब आधा चम्मच नारियल और आधा चम्मच बादाम का तेल मिला दें। इन सभी को मिक्स करें और यदि पेस्ट गाढ़ा हो तो इसमें कुछ बूंदे गुलाब जल की भी मिला सकते हैं। इससे चेहरे पर 15 से 20 मिनट तक लगाएं।

**चंदन, नारियल तेल और मुल्तानी मिट्टी से बनाएं फेस पैक :** चंदन, नारियल तेल और मुल्तानी मिट्टी के फेस पैक का इस्तेमाल कर आप त्वचा को एक्सफोलिएट कर सकते हैं। इससे त्वचा पर निखार आता है और एजिंग के लक्षण जैसे झुर्रियां कम होती हैं। इस पैक को बनाने के लिए आप एक चम्मच चंदन पाउडर में करीब आधा चम्मच मुल्तानी मिट्टी मिला लें। इसके बाद इस पैक में करीब एक चम्मच नारियल तेल मिलाएं। सभी को मिक्स करें, यदि पेस्ट ज्यादा गाढ़ा हो रहा हो तो इसमें गुलाब जल मिलाकर पतला कर लें।

# बेसन से ब्लैकहेड्स कैसे हटाएं? यह तरीके जिनसे एकदम साफ हो जाएगी स्किन

हम सभी को चेहरे की त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं से परेशान होना पड़ता है। इनमें से एक ब्लैकहेड्स भी है। ब्लैकहेड्स ज्यादातर नाक पर दिखाई देते हैं, जो त्वचा की देखभाल न करने की वजह से होने लगते हैं। दरअसल, जब त्वचा की देखभाल नहीं की जाती है, तो इससे स्किन पर डेड सेल्स के नीचे ऑयल जमने लगता है। इसकी वजह से त्वचा पर छोटे-छोटे दाने उभरने लगते हैं। फिर जब ये दाने हवा के संपर्क में आते हैं, तो काले पड़ने लगते हैं। इन्हें ही ब्लैकहेड्स के रूप में जाना जाता है। ब्लैकहेड्स चेहरे पर दाग की तरह खूबसूरती को कम कर देते हैं। ब्लैकहेड्स को हटाना काफी मुश्किल हो जाता है।

**बेसन और पपीता :** ब्लैकहेड्स हटाने के लिए आप बेसन और पपीता का इस्तेमाल एक साथ कर सकते हैं। इसके लिए आप 1-2 चम्मच बेसन लें और इसमें पपीते का गुदा मिलाएं। अब दोनों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। आप चाहें तो इसमें गुलाब जल भी डाल सकते हैं। इसके बाद इसे ब्लैकहेड्स पर लगाएं। 10-15 मिनट बाद त्वचा को साफ कर लें। हफ्ते में 2-3 बार इस उपाय को आजमाने से ब्लैकहेड्स पूरी तरह से निकल जाएंगे और स्किन पूरी क्लियर नजर आएगी।

**बेसन और हल्दी :** बेसन में हल्दी और नारियल का तेल मिक्स करके भी ब्लैकहेड्स हटाए जा सकते हैं। बेसन की तरह ही हल्दी और नारियल तेल भी त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। आपको बता दें कि हल्दी में मौजूद गुण ब्लैकहेड्स को रिमूव करने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए आप 1 चम्मच बेसन लें। इसमें चुटकीभर हल्दी और नारियल का तेल मिक्स करें। अब इस पेस्ट को ब्लैकहेड्स पर लगाएं और 20 मिनट बाद साफ कर लें। इसका इस्तेमाल सप्ताह में 1-2 बार किया जा सकता है।

**बेसन और ग्रीन टी :** अगर नाक और उसके आस-पास ब्लैकहेड्स हो गए हैं, तो बेसन में ग्रीन टी मिलाकर लगाना फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए आप 2 चम्मच बेसन लें और इसमें ग्रीन टी मिक्स करें। अब इस पेस्ट को नाक और ब्लैकहेड्स पर लगाएं।

# विकसित राजस्थान के लक्ष्य में युवाओं की अहम भागीदारी, युवा प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं : सहारण

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान स्थापना दिवस मनाए जाने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत जिला मुख्यालय पर टाउन हॉल में मंगलवार को राजस्थान युवा शक्ति दिवस-2026 तथा राजस्थान को जानें डिजीटल क्विज का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में जयपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए जुड़ा रहा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एडीएम अर्पिता सोनी सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व युवाओं ने शिरकत की। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने राजस्थान को जानें डिजीटल क्विज में भाग लिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश स्तरीय समारोह में युवाओं से प्रदेश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा राजस्थान को प्रगति के नए आयामों तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि युवा देश और प्रदेश के विकास के कर्णधार हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2027 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने के लक्ष्य में युवाओं की अहम भागीदारी है। युवा देश-प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। युवाओं की ऊर्जा एवं शक्ति से ही विकसित भारत व विकसित राजस्थान के सपने को



साकार किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने तथा उनके सशक्तीकरण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार ने पेपरलीक के प्रकरणों पर सख्त कार्रवाई कर युवाओं के सपनों की सुरक्षा की है। प्रदेश की डबल इंजन सरकार के कार्यकाल के दौरान बिना पेपरलीक के भर्ती परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं। अब पहले ही वर्षभर के लिए भर्ती परीक्षाओं का कैलेण्डर जारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरों की धरती है। युवाओं को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। महाराणा प्रताप ने विकट परिस्थितियों में भी अपनी मातृभूमि की रक्षा की। हम अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए संकल्पित होकर प्रयास करें और भारत को विकसित देश बनाएं। उन्होंने उपस्थितों से चूरू महोत्सव-2026 में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राजस्थान स्थापना दिवस को प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाए जाने का निर्णय लिया है। युवाओं को अपने प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली परंपराओं के बारे में जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए सभी युवा आगे आएं और संस्कृति, विरासत को संरक्षित, संवर्धित करने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में चूरू जिला मुख्यालय पर 19 से 21 मार्च तक चूरू महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। चूरू महोत्सव जिलेवासियों को जिले की समृद्ध विरासत से रूबरू होने का अवसर उपलब्ध करवाएगा।

### राजस्थान को जानें डिजिटल क्विज में युवाओं ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

इस अवसर पर उपस्थित युवाओं ने राजस्थान को जानें डिजिटल क्विज में भाग लिया। क्विज में राजस्थान की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व सामाजिक विरासत पर आधारित प्रश्न पूछे गए, जिनका जवाब देकर युवाओं ने अपना ज्ञानवर्धन किया। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सुरेश सारस्वत, एसीएमएचओ डॉ अहसान गौरी, डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, देवीदान चारण, रजत शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। संचालन शिवकुमार शर्मा व प्रमेंद्र शर्मा ने किया।

## चैत्र नवरात्रा : तिथियों के घटने-बढ़ने से अष्टमी एवं नवमी का एक ही दिन संयोग

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** चैत्र नवरात्र पर इस बार मां दुर्गा का पालकी में आगमन एवं गमन होगा। वहीं तिथियों के घटने.बढ़ने से अष्टमी एवं नवमी का संयोग एक ही दिन पड़ रहा है। मां दुर्गा के नवरात्र 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे हैं। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि गुरुवार का दिन, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र तथा शुक्ल योग का अद्भुत संयोग पड़ रहा है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से रौद्र नामक नए संवत्सर का प्रारंभ हो जाएगा। गुरुवार के दिन प्रारंभ होने से माता का आगमन पालकी और शुक्रवार को समापन होने से विदाई भी पालकी पर होगी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को कई नामों से जाना जाता है। ब्रह्म पुराण के अनुसार इसी दिन ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी और सतयुग का आरंभ हुआ था। इसलिए इस तिथि को युगादि तिथि तथा स्वयं सिद्ध मुहूर्त भी कहा जाता है। इस बार तिथियों के घटने-बढने के कारण नवरात्र में अष्टमी एवं नवमी का संयोग एक ही दिन पड़ रहा है। 19 मार्च को कलश स्थापना के लिए सुबह 6:50 से 7:50 के मध्य शुभ मुहूर्त रहेगा। इसके बाद सुबह 10:30 से अपराह्न 3:00 बजे तक भी अच्छा मुहूर्त रहेगा। इस दौरान चर, लाभ और अमृत की चौघडिया के साथ अभिजीत मुहूर्त भी रहेगा। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से रौद्र नामक नए संवत्सर 2083 का प्रारंभ होगा, जो अपने नाम के अनुरूप आम जनमानस के लिए अधिक अनुकूल नहीं माना जा रहा है। नव संवत्सर के साथ वर्ष के पदाधिकारी भी बदलते हैं। इस वर्ष का राजा बृहस्पति और मंत्री मंगल होंगे, जिसके प्रभाव से प्राकृतिक आपदाओं, उथल-पुथल और अग्निकांड की आशंका बताई जा रही हैं।

## अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

निसं

**मुकुन्दगढ़ (नवयत्न)।** अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचते एक अधेड़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ताराचंद यादव ने बताया कि मुकुंदगढ़ निवासी मुकेश सांसी को 118 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त कर गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ताराचंद यादव ने बताया कि पुलिस जाप्ते के साथ गश्त के दौरान विवेकानन्द चौक बालाजी कुआ के पास पहुंचा तो एक अधेड उम्र का व्यक्ति अपने दांये हाथ में थैली लिए नजर आया जो बावर्दी पुलिस जाप्ता व पुलिस वाहन को देखकर थैली को अपनी पेंट की जेब में डाल ली और भागने लगा, जिसको वहीं का वहीं रोका जाकर भागने का कारण पूछा तथा जेब में डाली थैली में रखे पदार्थ के बारे में पूछा तो शख्स घबरा गया। आरोपी के कब्जे में 118 ग्राम गांजा मिला। शख्स मुकेश ने अपने पास मादक पदार्थ गांजा रखने एवं गांजा को बेचने के लिए अपने पास कोई अनुज्ञापत्र या अधिकार पत्र नहीं होना बताया। जिस पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए शक्स के कब्जे में मिले 118 ग्राम अवैध गांजा को जप्त किया गया व आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफप्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। कर्यवाही के दौरान थानाधिकारी ताराचंद यादव के नेतृत्व वाली टीम मे हैड कांस्टेबल रोशनलाल, हैड कांस्टेबल नबाब खां हैड, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल बाबुलाल, कांस्टेबल मुल्तानाराम मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** सालासर रोड स्थित बोबासर पुलिया से पहले कार मोटरसाइकिल टक्कर में माँ-बेटा चोटिल हो गए। जिनको उधर से गुजर रहे सुजानगढ़ निवासी मुरली प्रजापत और बसंत प्रजापत अपनी निजी कार से बगड़िया अस्पताल लेकर पहुंचे और इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया।

## अमर सुहाग की कामना को लेकर गणगौर पूजन में जुटी नवविवाहिताएं

निसं



**सरदारशहर (नवयत्न)।** सरदारशहर में गीत-संगीत के माहौल में 18 दिवसीय ईसर-गणगौर पूजन का विशेष उत्साह देखने को मिल रहा हैं। आमतौर पर इस त्यौहार को 16 दिन का माना जाता है लेकिन इस बार यह त्यौहार 18 दिन का मनाया जा रहा है। शादी के जोड़े एवं परम्परागत परिधानों में 16 श्रृंगार किए हुए गणगौर पूजने वाली नवविवाहिताएं, युवतियां और महिलाएं गणगौर महोत्सव को बड़ी धूमधाम के साथ मना रही है। शहर के वार्ड 13 में सौम्या भोजक विवाह के बाद अपने पीहर में गणगौर का पूजन कर रही है। शहर के भंवरलाल, बाबूलाल, संपत कुमार भंसाली के घर गणगौर का बिंदोरा निकालने पहुंची नवविवाहिता सौम्या भोजक ने बताया कि शीतलाष्टमी से ही नवविवाहिताओं ने मिट्टी की गणगौर बनाकर पूजन प्रारंम्भ कर दिया है। प्रतिदिन पूजन के बाद 21 मार्च की शाम इन्हें जल में विसर्जित कर दिया जाएगा। गणगौर को पार्वती और ईसर को शिवजी का प्रतीक मानकर यह पूजन किया जाता है। अब घर घर जाकर गणगौर की बिंदोरी निकाली जा रही है। और घरों में लोकगीत गाए जा रहे हैं। वहीं रात्रि के समय गणगौर पूजने वाली नव विवाहिताएं युवतियां और महिलाएं मिलकर नृत्य कार्यक्रम आयोजित कर गणगौर महोत्सव का आनंद ले रही है। सौम्या भोजक का कहना है कि ईसर गणगौर की पूजा शादी के बाद से की जाती है। मेरी पहली गणगौर है और होली दहन के बाद से ही 18 दिवसीय ईसर-गणगौर की पूजा अर्चना कर रही हूं। शादीशुदा महिला के लिए यह सौभाग्य है। गणगौर पूजन करने वाली महिला सुमन भंसाली ने बताया कि प्राचीन काल से ही ईसर-गणगौर पूजा में श्रृंगार का विशेष स्थान माना गया है। इसलिए ईसर-गणगौर की पूजा करने से पूर्व महिलाएं सोलह श्रृंगार करती है। ईसर गणगौर पूजा महिलाओं के लिए अखंड सौभाग्य की कामना का पर्व है। 18 दिवस तक महिलाएं ईसर व गणगौर को शिव-पार्वती मानकर परम्परागत तरीके से पूजा अर्चना करती है। इस अवसर पर चुंदड़ी रो सर्व सुहाग, आज सवेरे उठास्या म्हे तो, बाड़ी वाला बाड़ी खोल बाड़ी की किवाड़ी खोल छोरियां आई दूब लेण, हां जी म्हारी गौरा बाईने चुंदड़ी रो चाव, ऊंचो चंवरो चौकूंटो जल जमुना रो नीर मंगायो जी, म्हारी गौर तीसाई ओ राज, धूपियो देर धूपाइयो, उदियापुर स्यूं आई गणगौर आदि गीत गाए जाते हैं। इस अवसर पर संजू देवी दूगड़, मोनिका अंचलिया, प्रमिला सोनी, संगीता भोजक, संतोष शर्मा, रेशमा स्वामी, सरोज कंवर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां उपस्थिति रही।

## साहित्यकार भगवान अटलानी को साहित्य अकादमी पुरस्कार की घोषणा

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** साहित्य की प्रतिष्ठित राजकीय संस्था साहित्य अकादमी द्वारा वर्ष 2025 के साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा की गई। इस वर्ष सिंधी भाषा के सुप्रसिद्ध साहित्यकार भगवान अटलानी को उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक कृति कहानी संग्रह वाघू के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। उल्लेखनीय है कि जयपुर के सिंधी के लेखक को साहित्य अकादमी पुरस्कार पहली बार मिला है।

साहित्य अकादमी द्वारा देश की विभिन्न भारतीय भाषाओं में उत्कृष्ट साहित्य सृजन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया जाता है। सिंधी भाषा के क्षेत्र में भगवान अटलानी ने अपने साहित्यिक लेखन, कहानियों और रचनाओं के माध्यम से समाज, संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं को प्रभावी रूप से अभिव्यक्त किया है। भगवान अटलानी को यह सम्मान मिलने से सिंधी साहित्य जगत में हर्ष की लहर दौड़ गई । साहित्यकारों, सामाजिक संगठनों और सिंधी समाज के अनेक लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार न केवल अटलानी के साहित्यिक योगदान का सम्मान है बल्कि सिंधी भाषा और साहित्य के लिए भी गौरव की बात है। साहित्य अकादमी पुरस्कार के अंतर्गत विजेता साहित्यकार को ताम्रफलक, शॉल तथा एक लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जाती है। पुरस्कार वितरण समारोह 31 मार्च को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। सिंधी सेंट्रल एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन ऐलानी और तुलसी संगतानी ने कहा कि भगवान अटलानी को मिला यह सम्मान नई पीढ़ी को सिंधी भाषा और साहित्य के संरक्षण तथा संवर्धन के लिए प्रेरित करेगा।

## महावीर और हमारा आज : युवा भाषण प्रतियोगिता का आगाज



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान जैन सभा, जयपुर द्वारा भगवान महावीर के जियो और जीने दो के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए महावीर और हमारा आज विषय पर भव्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 10 से 25 वर्ष के युवाओं के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण का पोस्टर विमोचन हाल ही में भट्टारकजी की नसिया में किया गया। वहीं समारोह के तहत 22 मार्च को गोपाल जी का रास्ता स्थित कालाडेरा मंदिर में भगवान महावीर की अतिशयकारी प्रतिमा का विशाल महामस्तकाभिषेक होगा। सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, महामंत्री मनीष बैद और उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित होंगे।

मुख्य संयोजक राखी जैन के नेतृत्व में शहर के विभिन्न मंदिरों में 20 संयोजक इस व्यवस्था को संभाल रहे हैं।

## महाआरती आज

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत बुधवार को सायं 7 बजे जिला मुख्यालय पर गढ़ परिसर स्थित राजकीय मंदिर में महाआरती कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए गए हैं।

## राजस्थान को जानें क्विज प्रतियोगिता आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, सीकर में राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत राजस्थान को जानें विषय पर एक रोचक एवं ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में राजस्थान के इतिहास, संस्कृति, भूगोल एवं विरासत के प्रति जागरूकता एवं रुचि विकसित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ प्रेम परिहार के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें राजस्थान के ऐतिहासिक स्थलों, लोक परंपराओं, प्रसिद्ध व्यक्तित्वों एवं सांस्कृतिक धरोहर से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान एवं त्वरित उत्तर देने की क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अंकिता द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ हंसराज रैगर, क्विज समिति संयोजक डॉ विपिन कुमार बगड़िया, पूनम पंजाबी, संदीप कुमार सैनी, एनएसएस इकाई प्रथम प्रभारी मधुसूदन जांगिड़ एवं इकाई द्वितीय प्रभारी माधुरी कुमावत उपस्थित रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान को लेकर बैठक आयोजित

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** भाजपा मण्डल अध्यक्ष अनूप खण्डेलवाल की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय, चौधरी गेस्ट हाउस, तारानगर में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ आगामी 20 मार्च को तारानगर मण्डल पर आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 (एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग) के संबंध में तैयारी हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेने के लिए अपनी-अपनी एंट्री करवाई तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक नरेश सहारण, विधानसभा प्रभारी अजीत सिंह राठौड़, पूर्व चेयरमैन जसवंत स्वामी, जिला युवा मोर्चा महामंत्री विशाल शर्मा, लीलाधर बागोरिया, भंवरलाल पूनिया, मानक चंद्र सैनी, चुन्नीलाल सैनी, हीरालाल सैनी, जितेंद्र सिंह राठौड़, सलीम काजी, सीताराम फूलभाटी, हरि इंदौरिया, देवकरण, राकेश टाक, दीपक पासवान, भगवती प्रसाद, नंदू पटीर, एडवोकेट रवि खण्डेलवाल, अशोक जांगिड़, चुन्नीलाल सैनी, मुकेश महर्षि, कैलाश चाचाण, कन्हैया लाल चाचाण, जे के दायमा, मो. समीर, श्रवण कुलड़िया, गिरवर सिंह, भजनलाल, पन्नालाल सैनी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय समीक्षा एवं परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

सपना शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) एवं जिला परामर्शदात्री समिति की समीक्षा प्रथम तिमाही दिसम्बर-2025 की बैठक अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर रतन कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में एडीएम रतन कुमार ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। बैठक में वार्षिक ऋण योजना की पिछली तिमाही की उपलब्धि, ऋण-जमा अनुपात, केसीसी, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएमईजीपी, जिला साख योजना उपलब्धि, पीएमएफएमई, पीएमईजीपी, पीएमएसवी, निधि, महिला स्वयं सहायता समूह के क्रेडिट लिंकेज, वित्तीय समावेशन व वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम, अन्तर्गत बैंकों में लंबित आवेदन, आरसेटी के कार्य उपलब्धि व बचत खाता, मुद्रा ऋण और पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई क्लेम सेटलमेंट सहित अन्य की भी समीक्षा की। वित्त विभाग एवं आरबीआई द्वारा चलाये जा रहे सामाजिक सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। एलडीएम नन्द लाल ने बताया बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आरसेटी द्वारा प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थियों के लंबित ऋण आवेदन पत्रों का 31 मार्च से पहले पहले निस्तारण किया जाए। एम एल मीणा डीडीएम नाबार्ड ने सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रमुख योजनाओं प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की पहुँच देश भर के सभी पात्र व्यक्तियों तक विस्तृत करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में विमल शर्मा उप मंडल प्रमुख, अक्षय गुंबर सहायक महाप्रबंधक आरबीआई जयपुर, एम एल मीणा, डीडीएम नाबार्ड, नन्द लाल अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक, अर्चना मौर्या डीपीएम राजीविका, राजेन्द्र चौधरी उप निदेशक महिला अधिकारिता सीकर, अभिनव लांबा सीनियर मैनेजर, रामस्वरूप यादव, महेन्द्र राठौड़ सहित सभी बैंकों से पधारे अधिकारी उपस्थित रहे।

## घरेलू गैस सिलेण्डरों की अनावश्यक बुकिंग एवं संग्रहण ना करें

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जिला रसद अधिकारी सीकर विजेंद्र पाल ने बताया कि खाद्य विभाग जयपुर एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के निर्देशानुसार मंगलवार को खाद्य विभाग के सतर्कता दल ने जिले में इण्डेन ग्रामीण वितरक थोई की जांच की तथा सिमारला में सुभाष चंद पुत्र दुर्गाप्रसाद निवासी सिमारला श्रीमाधोपुर के घर दुकान की जांच करने पर भारी मात्रा में कुल 124 खाली भरे सिलेण्डर पाये गये। इस दौरान जांच सुभाष चंद के मकान में 90 घरेलू गैस सिलेण्डर पाये गये जिसमें से 18 भरे हुए पाये गये तथा 72 सिलेण्डर खाली मिले तथा व्यवसायिक श्रेणी के 28 सिलेण्डर खाली पाये गये एवं 5 किग्रा श्रेणी के 6 सिलेण्डर भरे हुए पाये गये। मौके पर सुभाष चंद के पास खाली भरे सिलेण्डरों के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं पाये जाने के कारण सभी 124 खाली भरे सिलेण्डर जब्त कर थोई इण्डेन ग्रामीण वितरक थोई को सुपुर्द किये। सुभाष चंद के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 एवं 6 ए के तहत आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। जांच दल में जयराम प्रवर्तन अधिकारी, सुनीता वर्मा प्रवर्तन अधिकारी, अनुराग बैरवाल प्रवर्तन निरीक्षक एवं सुरमि मीणा प्रवर्तन निरीक्षक शामिल थे। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बुकिंग ने अनुरूप आपूर्ति नहीं करने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा द्वारा उपखण्ड अधिकारी के नेतृत्व में त्रिस्तरीय जांच कमेटी भी गठित की गई है, जो नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखेंगे तथा गैस एजेन्सियों की जांच भी करेंगे। सभी अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका एवं नगर परिषद सीकर को नगरीय क्षेत्र के मुख्य स्थानों पर घरेलू गैस सिलेण्डर के संबंध में बुकिंग एवं शिकायत के लिए कस्टमर केयर नं 181, 112 एवं विभागीय हैल्पलाईन नं 14435 होर्डिंग पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिये गयें तथा कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। जिला कंट्रोल रूम दूरभाष नं 01572-251008 है। जिला विक्रय अधिकारियों से हुई वार्तानुसार जिले में भारत एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार व्यावसायिक सिलेण्डरों की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। जिले में घरेलू एवं व्यवसायिक सिलेण्डरों की मांग व आपूर्ति पर पैनी नजर रखी जा रही है। जिले में घरेलू गैस सिलेण्डरों की किसी भी प्रकार भी कमी नही है। आज तेल कम्पनियों के विक्रय अधिकारियों से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार सुबह का प्रारम्भिक स्टॉक लगभग 17707 घरेलू गैस सिलेण्डर तथा लगभग 14062 घरेलू गैस सिलेण्डरों की जिला सीकर में आवक हुई, जिसमें से लगभग 15835 घरेलु गैस सिलेण्डरों का वितरण किया गया। जिला सीकर में घरेलू गैस सिलेण्डरों की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। उपभोक्ता किसी भी प्रकार से भयभीत ना रहे एवं अनावश्यक बुकिंग एवं अनावश्यक घरेलू गैस सिलेण्डरो का संग्रहण न करे।

## दिनदहाड़े बाइक से पैसों से भरा थैला पार



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** शहर में दिनदहाड़े बाइक से पैसों से भरा थैला पार होने का मामला सामने आया है, जहाँ शहर की दादाबाड़ी के पास स्थित एसबीआई बैंक के पास हुई इस वारदात में बाइक सवार और एक अन्य आरोपी थैले सहित ढाई लाख रुपए ले फरार हो गए। वारदात की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटा आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल।, पीड़ित थालोड़ी गांव निवासी शीशपाल ने बताया वह दादाबाड़ी के पास स्थित एसबीआई बैंक पैसे निकलवाने आए थे। बैंक से पैसे लेकर जैसे ही वह बाइक के पास आए तो बाइक के टॉयर की हवा निकली हुई थी और बाइक का पलक निकला हुआ था, पीड़ित शिशपाल अपने साथ होने वाली अनहोनी को नहीं समझ पाया और बाइक में हवा डलवाने दादाबाड़ी के पास स्थित साईकिल की दुकान पर बाइक के टायर में जैसे ही हवा भरवाने लगे तभी पहले से घात लगाएं बैठे आरोपी ने पलक झपकते ही बाइक से पैसों से भरा थैला उड़ा लिया और बाइक सवार अपने सहयोगी आरोपी के साथ मौके से फरार हो गया।

## राजस्थान हाईकोर्ट को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान हाईकोर्ट की मुख्य पीठ को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला है। अब तक करीब एक दर्जन बार इस तरह की धमकियां मिल चुकी हैं, जिससे न्यायिक कार्यों में बार-बार व्यवधान आ रहा है। ताजा धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने हाईकोर्ट परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया, जिसके चलते करीब एक घंटे तक मुकदमों की सुनवाई स्थगित रही। सर्च तलाशी के बाद परिसर को खोल दिया गया। हाईकोर्ट प्रशासन की आधिकारिक आईडी पर ई-मेल मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को सूचित किया गया। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड ने मुख्य बिल्डिंग के चप्पे-चप्पे की जांच की। एहतियात के तौर पर कर्मचारियों और अन्य लोगों को परिसर से बाहर निकाला गया। हाईकोर्ट चौकी प्रभारी सुमेर सिंह ने बताया कि पूरी जांच के बाद कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। वहीं बार.बार मिल रही धमकियों और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से वकीलों में खासा रोष है। राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर बार के अध्यक्ष राजीव कुमार सोगरवाल ने बताया कि इस तरह की धमकियों का मिलना गलत है। हमारी कमिश्नर और डीजीपी से यही मांग है कि जल्द से जल्द इन मामलों में कार्रवाई की जाए। इन धमकियों के पीछे कोई बाहरी ताकते हैं या देसी ताकते हैं या कोई शरारती तत्व ऐसा कर रहा है। इसकी जांच जरूरी है। इससे कोर्ट की कार्रवाई भी बाधित हो रही है। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने कहा कि यदि कोई धमकी हकीकत में बदल गई तो भारी जान-माल का नुकसान हो सकता है। हाल ही में एक कार्यशाला में सीजेआई सूर्यकांत की मौजूदगी में जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने भी इस पर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा था कि हाईकोर्ट में बम की धमकियां अब स्कूल की घंटी की तरह सामान्य होने लगी हैं, जिससे न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहा है। जानकारी के अनुसार हाईकोर्ट को पहली बार पिछले साल 31 अक्टूबर 2025 को धमकी मिली थी। इसके बाद दिसंबर: 5,8, 9,10 और 11 दिसंबर को लगातार मेल आए। फिर 2026 में फरवरीरू 6, 17, 19, 20 और 25 फरवरी को प्रशासन को ई-मेल भेजकर चुनौती दी गई। लगातार हो रही इन घटनाओं के बावजूद साइबर पुलिस अब तक यह पता नहीं लगा पाई है कि ये मेल कहाँ से और कौन भेज रहा है।

## दलाल के जरिए तहसीलदार ले रहा था 1.50 लाख की रिश्वत

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने कार्रवाई करते हुए अलवर जिले के गोविन्दगढ़ तहसीलदार बसन्त कुमार परसोया और उसके दलाल रवि उर्फ रिंकू को 1.50 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि वसीयत के आधार पर मौसी के हिस्से की जमीन अपने नाम दर्ज कराने के लिए तहसील गोविन्दगढ़ में आवेदन किया था। इस मामले में उपखंड अधिकारी के आदेश के बावजूद तहसीलदार द्वारा फाइल लंबित रखकर रिश्वत की मांग की जा रही थी। जहां शिकायत के सत्यापन में सामने आया कि आरोपी तहसीलदार बसन्त कुमार परसोया ने अपने दलाल रवि उर्फ रिंकू के माध्यम से पहले 5 लाख रुपए की मांग की। जिसे बाद में 3.50 लाख रुपए पर तय किया गया। जिस पर एसीबी अलवर प्रथम के प्रभारी व उप अधीक्षक पुलिस शब्बीर खान के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। इस दौरान दलाल रवि को परिवादी से पहली किस्त के रूप में 1.50 लाख रुपए लेते हुए पकड़ा गया। इसके बाद तहसीलदार बसन्त कुमार परसोया को भी उनके कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया गया।

# जागरूकता शिविर में 600 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया लाभ

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** कम्प्यूकॉम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट सीआईटीएम में श्स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेदिक दृष्टिकोण विषय पर आयुर्वेद जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मुनिराज, डॉ. मोहन सिंह, डॉ. चिन्मयी एवं डॉ. सव्निका ने व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए दैनिक जीवन में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने हेतु सरल एवं प्रभावी आयुर्वेदिक सिद्धांतों की जानकारी दी। उन्होंने संतुलित आहार, दिनचर्या एवं मानसिक संतुलन के महत्व पर विशेष जोर दिया। व्याख्यान के पश्चात प्रकृति परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 600 विद्यार्थियों एवं 20 से 25 संकाय सदस्यों ने भाग लेकर लाभ प्राप्त किया। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों की प्रकृति का परीक्षण कर उन्हें व्यक्तिगत स्वास्थ्य संबंधी सुझाव भी दिए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आकाश सक्सेना एवं एनएसएस समन्वयक शशिकांत ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रभावी बताया। कार्यक्रम का समग्र उद्देश्य आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा, जिसमें आयोजन पूरी तरह सफल रहा।

## रावणा राजपूत समाज की बैठक आयोजित



निसं

**मंडावा ( नवयत्न )।** कस्बे में मुकुन्दगढ़ रोड़ स्थित सीताराम मंदिर में मंगलवार को राजेन्द्र सिंह पंवार की अध्यक्षता में रावणा राजपुत समाज की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर हर वर्ष की भांती श्री हनुमान जयंति पर्व मनाने के साथ साथ रात्रि जागरण एवं प्रसाद वितरण को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष राजेन्द्र पंवार ने बताया कि बैठक मे समाज उत्थान सहित अन्य मुद्दो पर चर्चा करते हुए वार्षिक लेखाजोखा भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर राजेश रणजीरोत, राजेन्द्र सिंह पंवार, गोविंद सिंह चौहान, किशोर सिंह जाटू, राजकुमार निर्वाण, किशोर सिंह शेखावत, गजानंद पंवार, राजेन्द्र सिंह, हरीसिंह नरूका, सत्यनारायण खेजडोलिया, सुनील सिंह, राजेन्द्र सिंह नरूका, सीताराम मेड़तिया सहित अन्य समाज के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## गर्ग ने अब तक 125 वां महाकाल का निःस्वार्थ अलौकिक श्रृंगार किया



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** महेंद्र खडोलियाद्ध कस्बे के वार्ड नं. 13 निवासी नितेश गर्ग अपनी नि:स्वार्थ सेवा और अद्भुत श्रृंगार कला के लिए चर्चा में हैं। वे उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर स्वंय अपने हाथों से बाबा महाकाल का भव्य श्रृंगार करते हैं, गर्ग ने बताया कि भव्य श्रृंगार में करीब तीन से चार घंटे का समय लगता है। गर्ग ने हाल ही में बावड़ी आश्रम पर हुए नवकुंडात्मक श्री राम महायज्ञ के समय भी उन्होंने महाकाल का संघार किया था जिस पर महाराज श्री ने प्रसन्न होकर उनका माला व शॉल ओढ़कर सम्मान किया गया। अब तक वे 125 से अधिक महाकाल का श्रृंगार कर चुके हैं। और यह सेवा पूर्णत: नि:शुल्क करता है।। गर्ग जहां भी महाकाल के श्रृंगार की आवश्यकता होती है, वहां स्वंय उपस्थित होकर अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। उनकी यह भक्ति और सेवा शहरवासियों के बीच श्रद्धा का केंद्र बन गई है। उनकी निपुणता और समर्पण से सजे महाकाल के रूप को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। नितेश गर्ग का यह नि:स्वार्थ प्रयास धार्मिक श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणादायक है। वे बिना किसी स्वार्थ के अपनी सेवा बाबा महाकाल को समर्पित करते हैं, जिससे उनकी श्रृंगार कला लोगों के बीच आकर्षण का विषय बनी हुई है। उनका उद्देश्य केवल भक्ति और सेवा भाव से महाकाल की उपासना करना है, जिसे शहर में बड़ी सराहना मिल रही है।

## विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** महात्मा गांधी पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों द्वारा अलवर क्षेत्र में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन बड़े उत्साह और ज्ञानवर्धक अनुभवों के साथ संपन्न हुआ। इस भ्रमण दल का नेतृत्व प्राणीशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य प्रमोद कुमार वर्मा ने किया। भ्रमण की शुरुआत सिलीसेढ़ झील से हुई जहां विद्यार्थियों ने प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हुए बोटिंग का भी लुत्फ उठाया। शांत जलराशि और आसपास की हरियाली ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात दल भर्तृहरि धाम पहुंचा, जहां विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद सरिस्का अभयारण्य का भ्रमण किया, जहां उन्हें वन्यजीवों और जैव विविधता के संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। प्राकृतिक परिवेश में जीव-जंतुओं के संरक्षण को देखकर विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी। अंत में भ्रमण दल पांडुपोल हनुमान मंदिर पहुंचा, जहां सभी ने दर्शन कर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। इस पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ-साथ मनोरंजन और अनुभवात्मक ज्ञान का भी लाभ उठाया। भ्रमण दल के साथ सहायक आचार्य दीपेन्द्र वर्मा, विक्रम शर्मा, ममता यादव, शशिकला पालावत एवं स्वाति कुमावत भी साथ रहे और साथ ही स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

यह शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

## शेखावत ने संभाला मंडावा नगरपालिका ईओ का कार्यभार



निसं

**मंडावा ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के आदेश पर लोकेन्द्र सिंह शेखावत को मंडावा नगरपालिका में ईओ नियुक्त किया गया है। उन्होंने औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है, जिससे क्षेत्रवासियों को अब नियमित प्रशासनिक व्यवस्था मिलनी शुरू हो गई है। पदभार संभालने के बाद ईओ शेखावत ने नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यों की जानकारी ली और कहा कि नगरपालिका क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का समाधान पारदर्शिता और तत्परता से करने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि नगर पालिका मंडावा के ईओ जैकी राम गोयल के एपीओ होने के बाद मंडावा पालिका में नए अधिशासी अधिकारी को लगाया गया है। गौरतलब रहे कि इससे पहले जैकीराम गोयल अधिशासी अधिकारी का कार्यभार संभाल रहे थे उन्हें एपीओं कर दिया गया है । शेखावत के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर कस्बेवासियों और जनप्रतिनिधियों ने नव नियुक्त ईओ का स्वागत किया। इस अवसर पर दलीप सिंह वाहिदपुरा, पूर्व पालिका के उपाध्यक्ष नबाब खत्री, अब्बास खान, सत्यनारायण बावलिया, आनन्द बिहारी सोलकी, मुकेश कुमार, कपिल बावलिया, राजपाल सिंह, सुरजीत सिंह, तेजपाल सैन, राहुल शर्मा, अरविंद कुमार, चंद्रभान सेन सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों के लिए बनेंगे कक्षा-कक्ष व शौचालय ब्लॉक

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** राजकीय विद्यालयों के विकास में विगत एक दशक से भी अधिक समय से सहभागी बने समाजसेवी जोधराज बैद परिवार द्वारा निकटवर्ती ग्राम पायली व हुड़ेरा की सरकारी स्कूलों में साढ़े तीस लाख के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। भामाशाह प्रेरक कुलदीप व्यास ने बताया कि राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, पायली में तीन कक्षा कक्ष बरामदे सहित और राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हुड़ेरा अगुणा में दो कक्षा-कक्ष मय बरामदा और छात्र-छात्राओं के लिए शौचालय ब्लॉक जी. पी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड की सी. एस. आर योजनांतर्गत स्वीकृत किए जिनका निर्माण कार्य इसी सप्ताह प्रारंभ हो जायेगा। दोनों विद्यालयों में होने वाले निर्माण कार्यों पर कुल तीस लाख सत्तावन हजार की राशि व्यय की जाएगी ।

हुडेरा अगुणा और पायली विद्यालयों के संस्था प्रधानों ने बैद परिवार का आभार प्रकट किया।

## इफ्तार आयोजन से हीरवा में बढ़ी सामाजिक सौहार्द की मिठास



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बुहाना उपखंड के हीरवा क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल देखने को मिली। रमजान के पवित्र महीने में घनश्याम अग्रवाल द्वारा मुस्लिम समुदाय के रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें रोजेदारों को प्रेमपूर्वक रोजा खुलवाया गया। इफ्तार के दौरान खजूर, फल सहित विभिन्न खाद्य सामग्री की व्यवस्था की गई। अज़ान होते ही सभी रोज़ेदारों ने रोज़ा खोला और एक-दूसरे को रमज़ान की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे, जिसने आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम में मौलाना हलीम, अब्दुल लतीफ, इमामुद्दीन खान, लियाकत अली, गजेंद्र सिंह शेखावत, धर्मपाल यादव, प्रहलाद डांगी, बालवीर शेखावत, घनश्याम अग्रवाल, संजय अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद इकबाल, युसूफ अली, राजपाल सिंह शेखावत, कृष्ण सिंह शेखावत, राजेंद्र सिंह यादव, गोविंद सिंह कच्छावा, बिल्लू सिंह शेखावत, महेंद्र मीणा, मोहम्मद कलीम, जुले खा, जरीफ खान सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी विश्वास, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करते हैं। हीरवा क्षेत्र में आयोजित यह इफ्तार पार्टी सामाजिक एकता की प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरी।

## नकल माफिया पर प्रहार : डमी अभ्यर्थी बनाकर परीक्षा दिलाने वाले पकड़े गए

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और नकल के मामलों पर शिकंजा कसते हुए स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप एसओजी ने राजस्थान लोकसेवा आयोग की वरिष्ठ अध्यापक माध्यमिक शिक्षा भर्ती-2022 में डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा पास कराने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। एसओजी ने इस प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसओजी के एडीजी विशाल बसंल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में भादुओं की बेरी निवासी अशोक कुमार विश्नोई शामिल है, जिसने अपनी जगह डमी अभ्यर्थी बैठाकर वरिष्ठ अध्यापक के पद पर चयन प्राप्त किया था। इसके साथ ही एक अन्य मामले में सुरताराम मीणा की जगह परीक्षा देने वाले विजयपाल विश्नोई को भी गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि अशोक कुमार विश्नोई ने भर्ती परीक्षा के दोनों पेपर स्वयं नहीं दिए। सामान्य ज्ञान एवं शैक्षिक मनोविज्ञान विषय के पेपर में उसने हनुमानाराम को डमी अभ्यर्थी बनाकर परीक्षा दिलवाई थी। हनुमानाराम, जो स्वयं शिक्षक है, को एसओजी पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मुकदमा दर्ज होने के बाद अशोक दो वर्षों से फरार चल रहा था, जिस पर गिरफ्तारी वारंट के साथ 5 हजार का इनाम घोषित था। इसी प्रकार जांच में यह भी खुलासा हुआ कि सुरताराम मीणा ने विज्ञान विषय के पेपर में महिपाल विश्नोई तथा सामान्य ज्ञान व शैक्षिक मनोविज्ञान के पेपर में विजयपाल विश्नोई को डमी अभ्यर्थी बनाया था। महिपाल को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि विजयपाल विश्नोई को अब दबोचा गया है। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित था। एसओजी के अनुसार भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी से जुड़े इस नेटवर्क की जांच जारी है और इसमें शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## श्रद्धा भाव से किया सामूहिक गणगौर पूजन

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** शहर के रिणी कुआं के पास लोक पर्व गणगौर माता का सामूहिक पूजन बनोरे का आयोजन गत सायं गत भक्ति भाव उल्लास पूर्वक आयोजित किया गया। आयोजन में 80 से अधिक बालिकाओं एकिशोरियों व महिलाओं ने गवरजा व ईसर जी की पूजा अर्चना कर लोकगीत गाकर, नृत्य करके आराधना की। कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व मुख्य यजमान ओम संतोष सारस्वत ने विधि विधान से गवरजा माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मां गवरजा की भक्ति को समर्पित कार्यक्रम में कथावाचक राधा सखी कोमलकिशोरी ने गौर पूजन करने वाली किशोरियों को चुनरी ओढ़ाकर सम्मान किया व पांच भाग्यशाली महिलाओं को गौर माता का प्रतीक चिन्ह विशेष उपहार में दिया । कार्यक्रम की आयोजक संतोष सारस्वत ने सभी आगंतुकों का तिलक लगाकर, माला पहनकर एपुष्प वर्षा अभिनंदन किया। महिला मंडल की सचिव रेखा पारीक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लुप्त होते गणगौर गीतों को गाकर सनातन संस्कृति को जीवित रखने का ऐसे कार्यक्रम अच्छे प्रयास है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालिकाओं महिलाओं ने भाग लिया।

## उदयपुर में एआईयु की वेस्ट जोन वाइस चांसलर्स मीट 2025-26 का शुभारंभ

### वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में विश्वविद्यालयों की अहम भूमिका - राज्यपाल



**जयपुर।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि आज के वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में विश्वविद्यालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार है। यदि विश्वविद्यालय स्वदेशी सोच और नवाचार को बढ़ावा दें, तो भारत वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकता है। राज्यपाल श्री बागडे मंगलवार को उदयपुर में जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के डबोक परिसर में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयु) वेस्ट जोन वाइस चांसलर मीट 2025-26 के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। दो दिवसीय इस कॉन्फ्रेंस में राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र आदि राज्यों के विश्वविद्यालयों के कुलगुरू भाग ले रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि तकनीकी राष्ट्रवाद और आर्थिक देशभक्ति जैसे विचार केवल नारे नहीं, बल्कि व्यवहार में उतारे जाने वाले संकल्प हैं। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों से आह्वान किया कि वे शोध, नवाचार और कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को रोजगार सृजन की दिशा में सक्षम बनाएं।

## जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

सुरेन्द्र शर्मा




**सीकर ( नवयत्न )।** उप निदेशक महिला अधिकारिता राजेंद्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार पन्नाध्याय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की प्रबंधक नीलम कुमारी ने आंगनबाड़ी केंद्र पर महिलाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत शिशु लिंगानुपात में सुधार और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, समाज में बालिका और बालकों के प्रति सोच में परिवर्तन लाने की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना और वर्कफ्रॉम होम योजना में घर पर रहकर काम करने, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जुड़ने और 3000 रूपये प्रशिक्षण प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के अवसरों के बारे में बताया। साथ ही मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के तहत आरकेसीएल के माध्यम से निःशुल्क प्रशिक्षण दिए जाने की जानकारी दी गई। जिसमें आरएससीआईटी (पात्रता- 10वीं पास, 16-40 वर्ष की महिला और बालिका) आरएससीएफए (पात्रता : 12वीं पास, 10-40 वर्ष की महिला और बालिका) और आरएससीएसईपी (पात्रता : 12वीं पास, 16-45 वर्ष की महिला और बालिका, स्पोकन इंग्लिश) शामिल हैं। कार्यक्रम में घरेलू हिंसा से संबंधित जानकारी देते हुए राजकॉप सिटीजन ऐप और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में बताया गया। मनोसामाजिक परामर्शदाता रिचा पारीक ने ब्लॉक पिपराली दौलतपुरा स्कूल के प्रिंसिपल ओमप्रकाश के समन्वय से बालिकाओं को माहवारी स्वास्थ्य और महिला हेल्पलाइन नंबर साझा किए। इसके अलावा सखी केंद्र, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र और महिला सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की कार्यप्रणाली के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर गाइड कैप्टन प्रेम पावडिया, इको क्लब प्रभारी रंजना गोदारा, वाइस प्रिंसिपल, हिंदी व्याख्याता सुलोचना, इंदिरा, संजू, शारदा कुमारी, परवीणा पंघाल सहित अन्य वरिष्ठ अध्यापिका उपस्थित रहीं।

## राम जन्मोत्सव का आगाज कल से

### महाआरती में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी के आराध्य देवों में से एक चांदपोल बाजार स्थित ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी में इस वर्ष वासन्ती नवरात्रा के उपलक्ष्य में नौ दिवसीय विशाल श्री राम जन्मोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 19 मार्च से होगा। जिसमें प्रतिदिन विभिन्न उत्सवों की धूम रहेगी। उत्सव का मुख्य आकर्षण 26 मार्च को रामनवमी के दिन होगा। मंदिर के महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि रामनवमी पर शाम 7 बजे होने वाली भव्य महाआरती में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा मुख्य आसन से ठाकुर जी की आरती करेंगे। इस दौरान राज्य सरकार के अन्य मंत्री, संत-महंत और कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहेंगे। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि गत अनेक वर्षों की परंपरा को निभाते हुए इस बार भी 9 दिनों तक प्रतिदिन विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और उत्सवों की झांकी भी सजेगी। इन दिनों में चलते वाले कार्यक्रमों में 19 मार्च को नव संवत्सर उत्सव एवं बधाई गान होगा। इसके बाद 20 मार्च को सिंजारा उत्सव की रौनक रहेगी। 21 और 22 मार्च को मार्च भव्य कीर्तन, भजन संध्या सहित कई मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही 23 मार्च को सरस निकुंज परिकर द्वारा अलबेली माधुरी शरण महाराज के सानिध्य में बधाई उत्सव होगा। 24 मार्च को श्री गौरांग मंडल गोविंद देव जी मंदिर द्वारा बधाई गान होगा। वहीं 25 मार्च को श्री प्रेम भाया मंडल जयलाल मुंशी का रास्ता द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएगी। 26 मार्च रामनवमी को जन्मोत्सव के मुख्य दिन सुबह से ही मंदिर में धार्मिक आयोजनों का तांता लगेगा। जिसमें प्रातः 11 बजे ठाकुर जी का पंचामृत अभिषेक, दोपहर 2 बजे श्री राम लल्ला की विशेष जन्म आरती और रात्रि 10 बजे भव्य शोभा यात्रा का आगमन और स्वागत सत्कार होगा। साथ ही 27 मार्च को श्री सीता राम जी समाज द्वारा बधाई उत्सव एवं पारंपरिक न्योछावर उछाल कार्यक्रम होगा। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने शहर के सभी धर्मानुरागी भक्तों से इस नौ दिवसीय आयोजन में सम्मिलित होकर आनंद लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## चित्रकला प्रतियोगिता आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गांधी वाटिका संग्रहालय में बुधवार 18 मार्च को प्रातः 11 बजे राजस्थान दिवस समारोह और वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। संग्रहालय के अधीक्षक नीरज त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता की थीम श्वन्दे मातरम् /150 वर्ष एवं ऐतिहासिक राजस्थान रखी गई है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय भावना, न्यायिक परंपरा और राजस्थान की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को एक मंच पर प्रस्तुत करना है। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों और स्वयंसेवी संस्थाओं नजीओ के विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रतिभागी निर्धारित विषय पर चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे, जबकि प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# बढ़ती लूटपाट के खिलाफ सड़कों पर उतरे ग्रामीण

## ज्वैलरी दुकान में हुई वारदात के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश

निसं



**कांवट ( नवयत्न )।** सोमवार रात्रि 8 बजे कांवट कस्बे में बदमाश डकैत बंदूक की नोक पर एक ज्वैलर्स पर जानलेवा हमला कर करोड़ से अधिक के जेवरात लूट ले गए। घटना ने खण्डेला विधानसभा की कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। पिछले दो साल में कांवट-खंडेला क्षेत्र में लूट, गुंडागर्दी, चोरी, फिरौती मांगना, नशा सट्टा व्यापार, अपराध चरम पर चल रहा है। कांवट में विकाश सोनी भादवाड़ी वाले के साथ दुकान पर लूटपाट मारपीट की घटना गठित हुई। वारदात ज्वैलर्स के साथ पिस्टल की नोक पर कार सवार बदमाशों ने घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। जो अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। जगदम्बा ज्वैलर्स पर हुई वारदात छीनाझपटी में देशी कट्टा मौके पर ही छूट गया। पुलिस ने पुरी रात इलाके में नाकाबंदी की लेकिन दिनदहाड़े लूट की बड़ी वारदात ने सकते में ला दिया। जानकारी के अनुसार ज्वैलर्स व्यापारी विकास सोनी शाम को अपनी दुकान बंद करके घर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक कार सवार तीन बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया और उनके पास रखा सोने-चांदी के आभूषणों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। विकास के सिर में चोट लगी है। जिसको उपचार के लिए कांवट सीएचसी में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि बदमाश जल्दबाजी में भागते समय अपनी एक बंदूक और एक जिंदा कारतूस मौके पर ही गिराकर चले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र में नाकाबंदी करवा दी। पुलिस ने मौके से सबूत जुटाकर जांच शुरू कर दी है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके। फिलहाल पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है और मामले की गहन जांच जारी है। घटना से आक्रोशित लोगों ने व व्यापारियों ने दुकानें बंद कर धरने पर बैठ गए। धरने को बाबूलाल मीणा, राहुल बाजिया, विष्णु बंसल, सरपंच कैलाश मीणा सहित दर्जनों लोगों ने संबोधित किया।

थोई एसएचओ नेकीराम ने बताया कि वारदात की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस की टीम गठित कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# बिना हेलमेट के बाइक सवारों पर होगी कार्यवाही : विनोद कुमार

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** कोतवाली थाने के सीआई के रूप में कार्यभार संभाल चुके आरपीएस विनोद कुमार ने कहा है कि शहर की ट्रेफिक व्यवस्था में सुधार करना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। विनोद कुमार ने कहा कि बिना हेलमेट के बाईक सवार नजर आने पर उनके चालान किए जायेंगे, चाहे बाईक सवार शहर के अंदर हो या बाहर। उन्होंने कहा कि सीट बैल्ट को लेकर पुलिस सख्ती करेगी और शराब पीकर वाहन चलाने वालों को नहीं बख्शा जायेगा। इसी प्रकार काली फिल्मी लगी कारों पर कार्यवाही की जायेगी तथा अनाधिकृत नाम वाहनों पर नंबर प्लेट के स्थान पर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि जितने भी गैंगस्टर्स के फोलो करने वाले लोग हैं, उन पर कड़ी नजर रखते हुए कार्यवाही की जायेगी। विनोद कुमार ने कहा कि समाज के सभी तबकों के लोग बेझिझक आयें और समय पर सूचना दें, ताकि राहत जनता तक पहुंच सके। रात्रि में 11 बजे के बाद अनावश्यक ही बाहर घूमने वाले लोगों पर कार्यवाही की जाएगी। इस बारे में परिजनो को भी अपने बच्चों की तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है कि रात में उनके बच्चे आवारागर्दी करते तो नहीं घूम रहे।' पुलिस ने बिना हेलमेट के बाईक सवारों पर कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाली थाने के बाहर ही बिना हेलमेट बाईक चालकों पर कार्यवाही की गई। इस दौरान एक व्यक्ति इस बात को लेकर उलझता भी नजर आया कि शहर में हेलमेट कब से अनिवार्य हो गए।

## जीणमाता मेला 19 से 26 मार्च तक

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर जीणमाता मेला 19 से 26 मार्च 2026 तक ग्राम जीणमाता में आयोजित किया जाएगा। मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए कानून व्यवस्था एवं व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए मोनिका सामोर उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट दांतारामगढ़ को मेला मजिस्ट्रेट तथा शैलजा शेखावत तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट दांतारामगढ़ को सहायक मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

# वैशाली नगर में 108 कुंडीय यज्ञ से होगा नव संवत्सर का स्वागत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी में भारतीय नव संवत्सर और आर्य समाज के 151वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 20 मार्च को भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। वैशाली नगर के गांधी पथ स्थित जानकी विवाह स्थल पर 108 कुंडीय यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष महोत्सव के लिए मंगलवार को आयोजन समिति द्वारा आमजन को पीले चावल बांटकर निमंत्रण दिया गया। कार्यक्रम संयोजक देवेन्द्र शास्त्री ने बताया कि इस महायज्ञ में पीपल, आम, गिलोय और शमी जैसी पवित्र समिधाओं का उपयोग होगा। यज्ञ में 432 यजमान शामिल होंगे, जो 36 प्रकार की औषधीय युक्त साकल्य सामग्री और गोघृत के साथ 2083 वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच विशेष आहुतियां प्रदान करेंगे। महोत्सव के दौरान भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सहेजने वाले परिवारों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें उन परिवारों के मुखियाओं को सम्मान मिलेगा जोरूसभी 16 वैदिक संस्कार गर्भाधान, पुंसवन आदिद्ध करवाने की परंपरा निभा रहे हैं। आर्य समाज, आर्यवीर दल, आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान और पतंजलि योग समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। मुख्य रूप से पोकरण विधायक स्वामी प्रताप पुरी महाराज, पूर्व सीकर सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, पतंजलि ग्रामोद्योग के महामंत्री डॉ. यशदेव शास्त्री सहित महेंद्र यादव, आईसी अग्रवाल और वेदपाल शास्त्री उपस्थित रहेंगे।

# शहीद के सम्मान में आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** उत्तराखंड के हर्षिल में पांच अगस्त को आई प्राकृतिक आपदा के दौरान तहसील के ग्राम दाऊदसर का लाल ड्यूटी के दौरान शहीद हो गया। शहीद के सम्मान में आज 18 मार्च को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दाऊदसर के किसान डालूराम कालेर के बड़े बेटे हरलाल कालेर सात अप्रैल 2010 को सेना में भर्ती हुए थे। वे 14वीं बटालियन राजपूताना राइफल्स में हवलदार के पद पर उत्तराखंड में पदस्थापित थे। गत पांच अगस्त 2025 को उत्तराखंड के हर्षिल क्षेत्र में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान वे शहीद हो गए। घटना के बाद उनकी पार्थिव देह नहीं मिली तथा घटना के कुछ दिन बाद सेना के अधिकारियों ने उन्हें अमर शहीद का दर्जा दे दिया। करीब दो माह पूर्व उनका मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया। 18 मार्च की सुबह साढ़े 9 बजे ग्राम गौरीसर से शहीद हरलाल कालेर के निवास से होते हुए तेजाजी मंदिर तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। अमर शहीद हरलाल कालेर शादीशुदा थे तथा उनके 12 वर्षीय बेटा मोहित तथा 9 वर्षीय बेटी कविता है। उनकी पत्नी का नाम श्रवणी देवी है, जो गृहिणी है। पिता डालूराम कालेर तथा छोटा भाई बजरंगलाल कालेर किसान है।

# कल निकलेगी विशाल ऐतिहासिक निशान व पदयात्रा

## राजनेताओं सहित हजारों श्रद्धालु बनेंगे साक्षी

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** स्थानीय बावलिया बाबा मंदिर में पहली बार होने जा रही निशान पैदल यात्रा को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बन गया है। इस ऐतिहासिक यात्रा की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं और आयोजन समिति इसे भव्य और यादगार बनाने के लिए लगातार व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे रही है। यह आस्था से जुड़ी भव्य यात्रा 19 मार्च को उबली का बालाजी से बुगाला स्थित बावलिया बाबा धाम के लिए रवाना होगी। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु निशान लेकर पैदल बाबा के दरबार तक पहुंचेंगे और अपनी श्रद्धा अर्पित करेंगे। इस दौरान जयकारों, भजन-कीर्तन और भक्तिमय माहौल के बीच श्रद्धालुओं की आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। इस महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन में भाजपा के मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा, नगरीय विकास व स्वायत शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा, नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल, उदयपुरवाटी के पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, पूर्व चिकित्सा राज्य मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा भी विशेष रूप से लोकार्पण समारोह में शरीक होंगे। इस हवेली में बाबा के जीवन से जुड़ी स्मृतियों, उनके आध्यात्मिक जीवन और भक्तों की आस्था से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे आने वाली पीढ़ियों को बाबा की परंपरा और इतिहास से परिचित होने का अवसर मिलेगा। इस भव्य धार्मिक आयोजन का जिम्मा परमहंस गणेश जी ट्रस्ट, मुंबई द्वारा उठाया गया है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों के अनुसार पहली निशान पैदल यात्रा को लेकर भक्तों में जबरदस्त उत्साह है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में नवलगढ़, चिड़ावा, झुंझुनू, गुढ़ागौड़जी सहित आसपास के कई शहरों और गांवों से श्रद्धालु पहुंचेंगे।

आयोजकों के मुताबिक यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम ही नहीं बल्कि क्षेत्र में आस्था और सामाजिक एकता का भी बड़ा संदेश देगा। यात्रा के साथ-साथ आयोजन को और भव्य बनाने के लिए विशाल भजन संध्या और भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है, वहीं प्रसिद्ध भजन कलाकारों द्वारा बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। हजारों श्रद्धालु भजन संध्या में शामिल होकर भक्ति रस में डूबेंगे और भंडारे में प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके अलावा इस खास मौके पर बावलिया बाबा के जीवन चरित्र पर आधारित एक विशेष भजन एल्बम का भी विमोचन किया जाएगा। इस एल्बम के माध्यम से बाबा के जीवन, उनके चमत्कारों और भक्तों के प्रति उनके आशीर्वाद की झलक देखने को मिलेगी। आयोजकों का कहना है कि पहली बार निकलने जा रही यह निशान पैदल यात्रा क्षेत्र के धार्मिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगी, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होकर बाबा के प्रति अपनी अटूट आस्था और श्रद्धा प्रकट करेंगे।



# सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुआ

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भावी पीढ़ी को धर्म और संस्कारों से जोडने के उद्देश्य से श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति की ओर से मंगलवार सुबह जयपुर के प्रसिद्ध खोले के हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पाठ के बाद अर्थ सहित हनुमान चालीसा की पुस्कें भेंट की गईं। कार्यक्रम से पूर्व श्री भंदे बालाजी महाराज का विशेष सिंदूर समिति के अध्यक्ष गिरिधारी शर्मा को भेंट किया गया। संत अमरनाथ महाराज ने बताया कि हनुमान चालीसा की इस पुस्तक में चौपाइयों का सचित्र और सरल भाषा में अर्थ दिया गया है, जिससे विशेष रूप से बच्चे न केवल पाठ कर सकें। प्रतिदिन सौ बार 108 हनुमान चालीसा का नियमित पाठ करने का विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बीएम शर्मा, समाजसेवी सरदार राजन सिंह, पिंकी मुनीम, सुनील जैन सहित अन्य श्रद्धालु एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# शासन गौरव साध्वी राजीमती का मंगल विहार लाडनूं की ओर



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** धर्मनगरी नोखा में युग प्रधान आचार्य महाश्रमण के सानिध्य एवं दर्शनार्थ शासन गौरव साध्वी राजीमती आदि ठाणा 7 का महावीर चौक स्थित तेरापंथ भवन में एक युग 12 वर्षों तक का पावन तप एवं प्रेरणा दायी प्रवास यादगार रहा । अणुव्रत समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजस्थान पेंशनर समाज नोखा के अध्यक्ष इंदरचंद मोदी ने बताया कि साध्वी राजीमती के सानिध्य ने पूरे नोखा नगर को धार्मिक वातावरण में एक नई दिशा दी । आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करते हुए इन 12 वर्षों में तप अनुष्ठान स्वाध्याय, धर्म जागरण, तथा अणुव्रत आचार संहिता, पर्यावरण शिक्षा, पवन दीक्षा, आदि का दुर्लभ सौभाग्य नोखा नगर वासियों को मिला । जो एक स्मृति बनकर रह गया नोखा नगर सहित दूरदराज क्षेत्र में जैन समाज सहित विभिन्न समाजों में अणुव्रत समिति, श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा नोखा, तेरापंथ महिला मंडल नोखा, तेरापंथ युवक परिषद नोखा, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, आदि सभी साध्वीश्री के प्रेरणादायक अनुमोदन एवं अन्य स्मृतियां छोड़ते हुए 13 मार्च को लाडनू के लिए विहार कर महाश्रमण जी के दर्शन, सानिध्य और मंगल विहार कर रहे हैं । उल्लेखनीय है कि यह वर्ष योग क्षेम के रूप में भी मनाया जा रहा है । जिसका पूरे विश्व जगत का केंद्र बिंदु लाडनूं है। साध्वी ने सोमलसर, मुकाम काकड़ा, जसरासर एकातर होते हुए आगे विहार कर रहे हैं। कातर में आज नोखा से 52 किलोमीटर की दूरी तय करने पर नोखा से काफी श्रद्धालु महिला पुरुष उपस्थित होकर सानिध्य का लाभ लिया। संभावित 25 मार्च को लाडनूं पहुंचकर गुरु दर्शन एवं धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत करेंगे साथ ही समिति सदस्यों में मंगल कामना व्यक्त करते हुए नोखा पुनःआगमन की कामना की।

# होली स्नेह मिलन व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** खाण्डल विप्र युवा मण्डल के तत्वावधान में होली स्नेह मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह गत सायं स्थानीय मंगल भवन में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा संरक्षक-खाण्डल विप्र सेवा संस्थान के सानिध्य में व संस्थान के अध्यक्ष बद्री प्रसाद बंणसीया की अध्यक्षता में हुआ। समारोह का शुभारंभ मंचस्त अतिथिगण पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां संरक्षक संस्थान अध्यक्ष बद्री प्रसाद बंणसीया, देवेन्द्र जोशी-जयपुर, डॉ. पंकज काछवाल, आनन्द रिणवा फरिदाबाद, मनोज जोशी, मनीष रिणवा, रमेश चोटिया, संजय पुरोहित, विजय कुमार चोटिया, तुलसीराम जी चोटिया, मनोज बंसिया नीम का थाना, बुधमल माटोलिया, गजानन्द मंगल हारा, देवकीनन्दन रिणवा, पवन माटोलिया, सत्यनारायण पुरोहित, रामकिशन माटोलिया ने मंगलदत्त महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व गणेश वंदना से शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अतिथियों व विशिष्ट जनों का दिपक डिडवाणियां, प्रकाश भुढाढरा, अनूप पिपलवा, दिवाकर बंशीया, प्रदीप रिणवा, मन मोहन बोचीवाल, योगेश मंडगीरा, राजेश सेवदा, अमित मंगलहारा, प्रिंकेश बबील, मधु सुधन चोटिया, संतोष माटोलिया, श्याम सुंदर चोटिया, कन्हैयालाल भुढाढरा, देवकीनन्दन मंगलहारा, निरुपम मंगलहारा, भूनेश मंडगीरा, कमलेश जोशी, कृष्ण चोटिया, गजराज बशीया, गणेश जोशी मनमोहन सेवदा, मोहित बंणसीया, पवन पिपलवा, श्याम बंणसीया, निलमणी नोहाल, श्याम सुंदर बंशीया, सुमित भुढाढरा, नवीन बाठोलिया, पवन चोटिया, रजत बंणसीया, रामकिशोर नोहाल, राधेश्याम पिपलवा व पवन मंगलहारा ने दुपट्टा व कंठहार पहनाकर, साफा बांधकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर खाण्डल विप्र युवा मंडल के पदाधिकारियों को पद की संरक्षक राजकुमार रिणवा ने शपथ दिलाई। खाण्डल विप्र युवा मंडल अध्यक्ष दिपक डिडवानिया ने सभी आगन्तुको का शाब्दिक स्वागत किया। मंत्री मनमोहन बोचीवाल ने मंडल की गतिविधियों की जानकारी दी। आयोजित होली स्नेह मिलन के दौरान गायकार योगेश चोटिया योगी शर्मा सीकर व गायिका मनीषा सैनी ने राजस्थानी गीत व धमाल की रोचक प्रस्तुति से उपस्थित जनों को थिरकने पर मजबुर कर दिया। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवाओं का समाज के प्रति विशेष दायित्व है, अतः सामाजिक, शिक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रति रुचि रखते हुए कार्य करें। उन्होंने इस अवसर पर पनिहारी गीत दो-तीन कड़ी सुनाई। कार्यक्रम को ओमप्रकाश मंगलहारा व दैवेन्द्र जोशी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का मंचिय संचालन अमीत मंगलहारा व मनीष रिणवा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नन्द किशोर माटोलिया, जगदीश प्रसाद चोटिया, शंकरलाल सेवदा, सत्यप्रकाश चोटिया, कृष्णा माटोलिया, बनवारी लाल बील, मुरलीधर मंडगीरा, पूरणमल पुरोहित, पवन रिणवा, पंकज जोशी, किशोर लाल बील, झाभरमल पिपलवा, पवन जोशी, रामकिशन नोहाल, चांद रिणवा, मुकेश रिणवा, निर्मल भुढाढरा, कैलाश चंद्र नोहाल, हिरालाल नोहाल सहित कई गणमान्यजन व मातृशक्ति उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190